18 मार्च, 1999 से 7 मई, 2003 तक गुजरात के राज्यपाल के पद पर आसीन रहे। श्री भण्डारी वर्ष 1966 से 1972, 1976 से 1982 तथा 1992 से 1998 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे। राज्य सभा के कार्यकाल के दौरान आप वर्ष 1977 से 1980 तक जनता पार्टी संसदीय दल तथा वर्ष 1980 से 1982 तक भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल के उप नेता रहे। राज्य सभा में आप वैज्ञानिक परिषद् तथा औद्योगिक खोज की जांच सम्बन्धी समिति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण सम्बन्धी समिति, केन्द्रीय डाक एवं तार सलाहकार समिति, राजकीय उपक्रम समिति, विशेषाधिकार समिति व लाभ के पदों सम्बन्धी समिति के सदस्य रहे। आप याचिका समिति तथा यातायात, पर्यटन और नागरिक उड्डयन सम्बन्धी समिति के सभापति भी रहे। श्री भण्डारी वर्ष 1978 से 1980 तक कृषि मूल्य आयोग के सदस्य भी रहे।

श्री भण्डारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राजस्थान इकाई के सम्भागीय प्रचारक रहे। राजस्थान में भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे श्री भण्डारी को वर्ष 1951 में जनसंघ की स्थापना पर राजस्थान इकाई का महासचिव बनाया गया। आप अखिल भारतीय जनसंघ के सचिव एवं महासचिव तथा वर्ष 1977 से 1980 तक जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे। आपको वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया गया। आपने वर्ष 1978 में पुर्तगाल व 1997 में दक्षिणी कोरिया में आयोजित अन्तर संसदीय संघ के सम्मेलनों में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया। अधिवक्ता रहे श्री भण्डारी वर्ष 1943 से 1946 तक शिक्षा भवन, उदयपुर के प्रधानाध्यापक रहे। आजीवन अविवाहित रहे श्री भण्डारी सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे।

श्री सुन्दर सिंह भण्डारी का दिनांक 22 जून, 2005 को निधन हो गया।

श्री गोविन्द नारायण, पूर्व मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री गोविन्द नारायण सिंह का जन्म 25 जुलाई, 1920 को सतना जिले के रामपुर बबेलान में हुआ। आपने एम.ए., एल.एल.बी. की उपाधियां प्राप्त कीं।

श्री गोविन्द नारायण सिंह पहली. दूसरी, तीसरी एवं चौथी मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। चौथी विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप दिनांक 30 जुलाई, 1967 से 12 मार्च, 1969 तक मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे। आप वर्ष 1957 से 59 में लोक लेखा समिति और इसके पश्चात् याचिका समिति के सभापति रहे। आप मध्य प्रदेश सरकार में उपमंत्री तथा मंत्री पद के दायित्व का भी निर्वहन किया। श्री सिंह दिनांक 26 फरवरी, 1988 से 23 जनवरी, 1989 तक बिहार के राज्यपाल के पद पर आसीन रहे।

(श्री अध्यक्ष)

श्री सिंह 1946 से 47 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में व्याख्याता भी रहे। आप वर्ष 1948 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने गये और विंध्य प्रदेश में सहायक क्षेत्रीय आयुक्त के पद पर नियुक्त किये गये तथा कार्य ग्रहण करने के दूसरे दिन ही आपने त्याग-पत्र दे दिया। आप विंध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस समिति की योजना समिति के मनोनीत संयोजक तथा प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति के सदस्य रहे। आपने स्वतंत्रता आन्दोलन से जुडे विभिन्न आन्दोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा जेल में बन्दी भी रहे। लेखन में रूचि रखने वाले श्री सिंह के कई आलेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित भी हुए।

श्री गोविन्द नारायण सिंह का निधन दिनांक 10 मई, 2005 को हो गया।

श्री पी. के. वासुदेवन नायर, पूर्व मुख्य मंत्री, केरल

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री श्री पी. के. वासुदेवन नायर का जन्म 2 मार्च, 1926 को केरल के कोट्टायम जिले के किंडगुर में हुआ। आपने केरल विश्वविद्यालय से बी.एससी. की उपाधि प्राप्त की।

श्री वासुदेवन नायर वर्ष 1977 से 1982 तक केरल विधान सभा के सदस्य रहे। इस दौरान आप वर्ष 1977 से 1978 तक राज्य के उद्योग मंत्री तत्पश्चात् श्री ए.के. एन्टोनी के त्याग-पत्र के बाद 20 अक्टूबर, 1978 से 7 अक्टूबर, 1979 तक राज्य के मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे। आप दूसरी, तीसरी, चौथी तथा वर्तमान में चौदहवीं लोक सभा में केरल के त्रिवेन्द्रम निर्वाचन क्षेत्र से सांसद रहे। वर्तमान लोक सभा में आप श्रम सम्बन्धी समिति के सभापति तथा सामान्य प्रयोजन सम्बन्धी समिति के सदस्य तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संसदीय दल के नेता भी थे।

श्री नायर केरल पीपुल्स आर्ट क्लब के अध्यक्ष तथा वायलर राम वर्मा ट्रस्ट के सभापति रहे। अध्ययन में रूचि रखने वाले श्री नायर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रकाशन नवयुगम पालिटिकल वीकली के मुख्य सम्पादक रहे। राजनैतिक मुद्दों पर आपकी कई पुस्तिकायें भी प्रकाशित हुई हैं। श्री नायर यूनियन क्रिश्चियन कालेज, केरल छात्र संघ तथा अखिल भारतीय युवा संघ के अध्यक्ष भी रहे।

श्री पी. के. वासुदेवन नायर का दिनांक 12 जुलाई, 2005 को निधन हो गया।

श्री सुनील दत्त, पूर्व केन्द्रीय मंत्री

प्रख्यात फिल्म अभिनेता श्री सुनील दत्त का जन्म 6 जून, 1929 को अविभाजित भारत के झेलम जिले के खुर्द गांव (जो अब पाकिस्तान में है) में हुआ। आपने बी.ए. (आनर्स) की उपाधि प्राप्त की।

श्री अध्यक्ष)

श्री सुनील दत्त वर्तमान लोक सभा में मुम्बई उत्तर-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सांसद थे। आपने आठवीं, नौवीं, दसवीं और बारहवीं लोक सभा में भी इसी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्तमान केन्द्रीय सरकार में आप खेल और युवा मामलों के मंत्री थे। नौवीं लोक सभा के कार्यकाल में आप पंजाब विधान मण्डल (शक्तियों का प्रत्योजन) अधिनियम, 1987 के अधीन गठित परामर्शदात्री समिति तथा वर्ष 1999-2000 में मानव संसाधन विकास समिति के सदस्य रहे।

वर्ष 1947 में विभाजन के समय भारत आये श्री सुनील दत्त ने अपने अथक परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प से अपने आपको हिन्दी फिल्म जगत में अभिनेता, निर्माता और निर्देशक के रूप में स्थापित किया। आपने लगभग 100 फिल्मों में अभिनय किया और आठ फिल्मों का निर्माण तथा छह फिल्मों का निर्देशन किया। वर्ष 1967 में जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में हुए अन्तरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में फिल्म "यादें" के लिये आपको ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आपको मदर इण्डिया, खानदान, मुझे जीने दो, दर्द का रिश्ता सहित अनेक फिल्मों के लिये भी पुरस्कृत किया गया है।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री सुनील दत्त ने फिल्मों के अलावा राजनीतिक और सामाजिक जीवन में किये गये उल्लेखनीय कार्यों से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी। आप वर्ष 1981-92 में मुम्बई के शैरिफ रहे। धर्मनिरपेक्ष सिद्धान्तों के समर्थक श्री दत्त ने कैंसर के उपचार तथा प्राकृतिक प्रकोपों से पीड़ित लोगों की सहायतार्थ श्री दत्त ने शान्ति स्थापना के लिये अनेक पद-यात्राओं का नेतृत्व किया।

श्री सुनील दत्त को राष्ट्रीय अखण्डता और शाश्वत मूल्यों की सेवाओं के लिये महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन द्वारा "हाकिम खां सूरी पुरस्कार", वर्ष 1997 में राष्ट्रीय एकता तथा साम्प्रदायिक सदभाव के लिये "मौलाना अबुल कलाम आजाद पुरस्कार", वर्ष 1998 में शान्ति व सौहार्द की स्थापना तथा हिंसा व आतंकवाद के विरूद्ध संघर्ष के लिये "राजीव गांधी सदभावना पुरस्कार", फिल्म उद्योग की सेवाओं के लिये वर्ष 1999 में "लाइफटाइम अचीवमेन्ट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। आपको शिरोमणि पुरस्कार, आर्डर आफ दी पीपुल्स, ग्रेट सन आफ दि सायल और राष्ट्रीय एकता पुरस्कार भी प्रदान किये गये।

श्री सुनील दत्त का दिनांक 25 मई, 2005 को निधन हो गया।

सऊदी अरब के शाह फहद बिन अब्दुल अजीज अल सऊद

सऊदी अरब के शाह फहद बिन अब्दुल अजीज अल सऊद का जन्म वर्ष 1923

(श्री अध्यक्ष)

में हुआ। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा रियाद स्थित शाही परिवार के लिये बनाये गये प्रिन्सेस स्कूल में हुई। तंत्पश्चात् आपने मक्का के धार्मिक ज्ञान संस्थान में वहाबि इस्लाम की शिक्षा प्राप्त की।

शाह फहद दिनांक 13 जून, 1982 को सउदी अरब के शाह पद पर आसीन हुए। शाह फहद ने वर्ष 1945 में हुई संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक में सउदी अरब प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य के रूप में भाग लिया। आप वर्ष 1953 में सउदी अरब के शिक्षा मंत्री नियुक्त हुए। आपने वर्ष 1962 में आन्तरिक मामलात मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्यभार सम्भाला तथा पांच वर्ष पश्चात् आपको सउदी अरब का द्वितीय उप प्रधान मंत्री बनाया गया।

आप पेट्रोलियम उत्पादों में प्रमुख स्थान रखने वाले सउदी अरब की सर्वांगीण उन्नति के लिये सदैव प्रयासरत रहे। आपने सउदी अरब के अनेक प्रतिनिधि मण्डलों का नेतृत्व किया। शाह फहद वर्ष 1995 से गम्भीर रूप से बीमार थे तथा उनका कार्य उनके भाई अब्दुला देख रहे थे। शाह फहद के निधन से अन्तरराष्ट्रीय जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

शाह फहद बिन अब्दुल अजीज अल सउद का दिनांक 1 अगस्त, 2005 को निधन हो गया।

श्री हीरालाल, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री हीरालाल संहरिया का जन्म 2 अप्रैल, 1947 को बारां जिले की किशनगंज तहसील के ग्राम फल्दी रामपुरिया में हुआ। आपने बी.ए. की उपाधि प्राप्त की।

श्री हीरालाल सहरिया आठवीं, दसवीं तथा ग्यारहवीं राजस्थान विधान सभा के लिये किशनगंज सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। आपने आठवीं तथा दसवीं राजस्थान विधान सभा में निर्दलीय तथा ग्यारहवीं विधान सभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति तथा अनुसूचित जाति कल्याण समिति के सदस्य रहे।

आप वर्ष 1972 से 1980 तक राजकीय सेवा में रहे। श्री सहरिया वर्ष 1985 से 1990 तक संचालक मण्डल, सहरिया परियोजना, शाहाबाद, बारां वर्ष 1987 से 1990 तक राजस्थान वन श्रमिक सहकारी संघ, जयपुर, वर्ष 1987 से 1988 तक जनजाति क्षेत्रीय विकास निगम, उदयपुर के सदस्य तथा पंचायत समिति, किशनगंज के सदस्य

रहे। आप जन जाति परामर्शदात्री समिति, सहरिया आदिवासी विकास समिति, बंधक श्रमिक समिति, न्यायिक अभियोजन समिति तथा लोक अदालत, बारां के सदस्य भी रहे। अनेक सामाजिक संगठनों से जुडे श्री सहरिया समाज के पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति, जन-जाति समुदायों के उत्थान तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिये प्रयत्नशील रहे।

श्री हीरालाल सहरिया का दिनांक 11 जुलाई, 2005 को निधन हो गया।

श्री हंसराम गुर्जर, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री हंसराम गुर्जर का जन्म 27 जुलाई, 1936 को करौली जिले के सुन्दरपुरा ग्राम में हुआ। आपने मैट्रिक तक की शिक्षा प्राप्त की।

श्री हंसराम गुर्जर छठी तथा दसवीं राजस्थान विधान सभा के लिये करौली निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। आप छठी विधान सभा में कांग्रेस के तथा दसवीं विधान सभा में निर्दलीय विधायक रहे। दसवीं विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य रहे।

श्री गुर्जर वर्ष 1961 से 1969 तक ग्राम पंचायत, रोडकलां के सरपंच, वर्ष 1972 से 1976 तक सेन्ट्रल का-आपरेटिव बैंक के चेयरमैन तथा वर्ष 1980 से 1989 तक करौली पंचायत समिति के प्रधान रहे। आप वर्ष 1977 से 1980 तक जिला कांग्रेस कमेटी, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष भी रहे।

श्री हंसराम गुर्जर का दिनांक 25 अगस्त, 2005 को निधन हो गया।

श्री ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री ओमप्रकाश गुप्ता का जन्म 5 जून, 1940 को जयपुर जिले की विराट नगर तहसील के बीलवाड़ी ग्राम में हुआ। आपने राजस्थान विश्वविद्यालय से बी.एससी., एल.एल.बी. तथा डिप्लोमा इन लेबर ला की उपाधियां प्राप्त कीं।

श्री ओम प्रकाश गुप्ता नौवीं राजस्थान विधान सभा के लिये बैराठ निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक निर्वाचित हुए। आप 15 मार्च, 1990 से 14 सितम्बर, 1992 तक सरकारी मुख्य सचेतक के पद पर आसीन रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आपने जून, 1991 में आइल आफ मान में आयोजित राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के सेमीनार में सी.पी.ए. राजस्थान शाखा का प्रतिनिधित्व किया।

श्री गुप्ता अपने सार्वजनिक जीवन में वर्ष 1970 से 1974 तक जयपुर नगर परिषद् के सदस्य रहे तथा इसी दौरान गृह कर समिति एवं जन स्वास्थ्य समिति के सभापति भी रहे। आप वर्ष 1974 में नगर विकास न्यास, जयपुर के सदस्य, 1972 से

197[illegible] तक बार [illegible] 1977 [illegible] विश्वविद्यालय की सीनेट के सदस्य भी रहे। कई वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री तथा कोषाध्यक्ष रहे श्री गुप्ता 10 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी कार्यकारिणी के सदस्य रहे। आप भारतीय जनता पार्टी, जयपुर देहात के महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष तथा अनेक शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों में विभिन्न पदों पर रहे।

श्री ओम प्रकाश गुप्ता का दिनांक 16 जून, 2005 को निधन हो गया।

श्री चम्पालाल जैन, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री चम्पालाल जैन का जन्म 30 नवम्बर, 1931 को ब्यावर तहसील के शाहपुरा ग्राम में हुआ। आपने पांचवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की।

श्री चम्पालाल जैन, नौवी राजस्थान विधान सभा में ब्यावर निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति तथा वन, पर्यावरण, खादी एवं ग्रामोद्योग विभागों की संसदीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे।

श्री जैन बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के संरक्षक तथा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य रहे। समाज सेवा में रूचि रखने वाले श्री जैन अखिल भारतीय साधु मार्गी जैन संघ के उपाध्यक्ष एवं अजमेर जिला कौमी एकता समिति के संयोजक रहे। आप गर्ल्स स्कूल सोसायटी के संरक्षक भी रहे। श्री चम्पालाल जैन का दिनांक 3 जुलाई, 2005 को निधन हो गया।

श्री नत्था सिंह, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री नत्था सिंह का जन्म अगस्त, 1928 में भरतपुर जिले के बयाना कस्बे में हुआ। आपने मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त की।

श्री नत्था सिंह, पांचवीं राजस्थान विधान सभा के लिये नदबई निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक निर्वाचित हुए। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप अनुसूचित जाति कल्याण समिति के सदस्य रहे। आप वर्ष 1982 से 1988 तक राज्य सभा में राजस्थान से कांग्रेस के सांसद रहे।

श्री नत्था सिंह वर्ष 1966 से 1969 तक भरतपुर जिला समाज कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि तथा वर्ष 1971 से 1976 तक राजस्थान वन श्रमिक सहकारी संघ के अध्यक्ष रहे। आप वर्ष 1942 से 1945 तक भारतीय सेना में हवलदार भी रहे। श्री यादव वर्ष 1969

से जिला कांग्रेस कमेटी तथा वर्ष 1972 से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे। इससे पूर्व आप 1951 से 1968 तक समाजवादी पार्टी के सदस्य रहे। आपने किसान आन्दोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा तीन बार जेल यात्राएं भी कीं।

श्री नत्था सिंह का दिनांक 16 जुलाई, 2005 को निधन हो गया।

श्री मजलिस खां, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री मजलिस खां का जन्म 16 अक्टूबर, 1923 को भरतपुर जिले के सबलाना ग्राम में हुआ। आपने हाई स्कूल तक अध्ययन किया तथा ग्राम विकास, कृषि एवं खाद निर्माण कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री मजलिस खां तीसरी तथा चौथी राजस्थान विधान सभा के लिये कामां निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक निर्वाचित हुए। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे।

आप वर्ष 1948 से 1952 तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य तथा वर्ष 1962 में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य रहे। सामाजिक कार्यों में रूचि रखने वाले श्री मजलिस खां ने भरतपुर एवं अलवर क्षेत्र में आचार्य विनोबा भावे के साथ मेवों के पुनर्वास में सहयोग किया। आप वर्ष 1953 से 1959 तक ग्राम सेवक, 1960 से 1961 तक खादी निरीक्षक तथा एक वर्ष के लिये कृषि विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे।

श्री मजलिस खां का दिनांक 18 जून, 2005 को निधन हो गया।

श्री हजारीलाल शर्मा, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री हजारीलाल शर्मा का जन्म 10 मई, 1920 को झुन्झुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे में हुआ। आपने एम.काम. की उपाधि प्राप्त की।

श्री हजारी लाल शर्मा, तीसरी तथा सातवीं राजस्थान विधान सभा के लिये पिलानी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। आप तीसरी विधान सभा में निर्दलीय तथा सातवीं विधान सभा में जनता पार्टी के विधायक निर्वाचित हुए। विधान सभा कार्यकाल के दौरान आप नियम समिति तथा वित्त, करारोपण, आबकारी, शिक्षा, भाषा और वक्फ विभागों की संसदीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे। आप राजस्थान लैण्ड रिफार्म्स एण्ड एक्विजीशन आफ लैण्ड ओनर्स एस्टेट्स विधेयक, 1963 पर गठित प्रवर समिति के सदस्य भी रहे।

आपने सार्वजनिक जीवन में आप चिड़ावा नगरपालिका के अध्यक्ष रहे।

(श्री अध्यक्ष)

कामर्स के अध्यापक रहे श्री शर्मा शिक्षण संस्थाओं की सहायता के लिये सदैव तत्पर रहते थे। आपकी बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विषय पर हैण्डबुक भी प्रकाशित हुई। आपने अनेक खाड़ी देशों की यात्राएं कीं।

श्री हजारी लाल शर्मा का दिनांक 30 मई, 2005 को निधन हो गया।

श्री जोधसिंह चौहान, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री जोधसिंह चौहान का जन्म 25 जुलाई, 1920 को उदयपुर में हुआ। आपने सैकेण्डरी तक शिक्षा प्राप्त की।

श्री जोधसिंह चौहान, तीसरी राजस्थान विधान सभा के लिए गिरबा निर्वाचन क्षेत्र से जनसंघ के विधायक निर्वाचित हुए। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप याचिका समिति के सदस्य रहे। आप अपने क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे।

नगर परिषद्, उदयपुर के सदस्य तथा मांहोली ग्राम पंचायत के उप सरपंच रहे श्री चौहान विद्या निकेतन और मीरा छाया मन्दिर विद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे।

श्री जोधसिंह चौहान का दिनांक 22 मई, 2005 को निधन हो गया।

श्री जयनारायण शर्मा, पूर्व विधायक

पूर्व विधायक श्री जयनारायण शर्मा का जन्म 10 जून, 1913 को हुआ। श्री जयनारायण शर्मा अजमेर विधान सभा के लिए पुष्कर से कांग्रेस के विधायक निर्वाचित हुए। नवम्बर, 1956 में अजमेर के राजस्थान में विलय के फलस्वरूप अजमेर विधान सभा का राजस्थान विधान सभा में विलय होने से श्री जयनारायण शर्मा प्रथम राजस्थान विधान सभा के सदस्य बने। अपने क्षेत्र के लोगों में "जून बाबू" के नाम से लोकप्रिय श्री जयनारायण पुष्कर नगरपालिका के पार्षद् तथा उपाध्यक्ष भी रहे।

श्री जयनारायण शर्मा का दिनांक 5 सितम्बर, 2005 को निधन हो गया।

मैं दिवंगत व्यक्तियों को अपनी ओर से तथा इस सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं तथा ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत व्यक्तियों की आत्माओं को शान्ति प्रदान करे तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को उनका बिछोह सहन करने की शक्ति दे।

(श्री अध्यक्ष)

माननीय सदस्यगण, कृपया दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें।

(तदनन्तर सदन ने दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की)

श्री जुबेर खान : अध्यक्ष महोदय, व्यापारिक संघ के लोग जो एक शांतिप्रिय तरीके से आन्दोलन करने आये थे अपनी मांगों को लेकर, उनकी जिस तरीके से... (व्यवधान) सूचना दे रहे हैं कि वहां लाठीचार्ज हुआ, लोग जख्मी हुए पड़े हैं।

श्री अध्यक्ष : सदन की बैठक मंगलवार दिनांक 27 सितम्बर, 2005 के प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 14.08 बजे मंगलवार, 27 सितम्बर, 2005 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

सदन ... [illegible] ... पर

माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार तारांकित प्रश्न को अतारांकित माना जाकर एतदरूप में कार्यवाही वृतान्त में मुद्रित कराया गया)

राज्य में विद्युत उत्पादन/मांग/आपूर्ति

1. श्री खुशवीर सिंह जोजावर (खारची) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) राज्य में वर्तमान में कितने मेगावाट बिजली उत्पादित हो रही है तथा वर्तमान में कितने मेगावाट बिजली की मांग है?

(2) क्या यह सही है कि बिजली की पर्याप्त अनुपलब्धता के बावजूद, सरकार द्वारा नए कनेक्शन जारी किये जा रहे हैं? यदि हां, तो क्यों?

उत्तर

(1) राज्य में स्वयं के स्रोतों (गैसीय, तापीय व जल साझेदारी परियोजनाओं एवं केन्द्रीय विद्युत गृहों) से आबंटन मिलाकर 5373 मेगावाट उत्पादन क्षमता है इसमें राज्य की उत्पादन क्षमता 2886 मेगावाट, साझेदारी परियोजनाओं की 973 मेगावाट एवं केन्द्रीय इकाईयों की क्षमता 1514 मेगावाट है तथा वर्तमान पीक डिमाण्ड लगभग 3900 मेगावाट है। वर्तमान में उपलब्धता डिमाण्ड के अनुरूप है। रबी फसल के दौरान पीक डिमाण्ड लगभग 4750 मेगावाट होने की सम्भावना है।

(2) जी नहीं। विद्युत उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ही विद्युत कनेक्शन दिये जा रहे हैं।

पाली जिले के डाक बंगले

2. श्री मदन राठौड़ (सुमेरपुर) : क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला पाली में कितने डाक बंगले हैं? उनमें से ऐसे कितने डाक बंगले हैं जहां कोई कर्मचारी नियुक्त नहीं है?

(2) क्या यह सही है कि सरकार जिले के कुछ डाक बंगलों को बेचने व लीज

(श्री मदन राठौड़)

पर देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कौन-कौन से? कारण सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) पाली जिले में 10 डाक बंगले हैं। सभी डाक बंगलों में कर्मचारी नियुक्त हैं।

(2) राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनुपयोगी स्थावर सम्पत्तियों के निस्तारण एवं न्यून उपयोगी परिसम्पत्तियों को निजी निवेशकों के द्वारा संचालित करने सम्बन्धी निर्णय लिये जाने हेतु माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में चार मंत्रीगणों की उपसमिति का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर ही डाक बंगलों का निस्तारण किया जा सकेगा।

रामगढ़ ग्राम (पाली) की भूमि पर अतिक्रमण

3. श्री सी. डी. देवल (रायपुर) : क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि ग्राम रामगढ़ ग्राम पंचायत बाबरा तहसील रायपुर जिला पाली की चारागाह भूमि पर अजमेर जिले के रहने वाले लोगों ने मकान, कुए और फार्म हाउस बना लिये? यदि हां, तो किस व्यक्ति ने कितने बीघा जमीन पर अतिक्रमण किया है और कितने कुए खुदे और कितने मकान बने हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि इस अतिक्रमण को हटाने के लिए ग्रामवासियों द्वारा कई शिकायतें की गई? यदि हां, तो इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई और इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए कार्यवाही नहीं करने के लिए कौन दोषी है? सरकार इन दोषी अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) जी नहीं।

महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं की सफलता हेतु कार्य योजना

4. श्री रामनारायण मीणा (नैनवां) : क्या महिला एव बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

'श्री रामनारायण मीणा'

(1) सरकार द्वारा वर्ष 2003-04 से अब तक महिला एवं बाल विकास हेतु कितनी-कितनी राशि का बजट आबंटित किया गया, जिसमें से कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त अवधि में किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि आबंटित राशि से कम व्यय की गई? वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा महिला, बालक एवं बालिकाओं के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं तथा इस हेतु परियोजनाएं संचालित की जाती हैं? यदि हां, तो क्या तथा उनके सफल संचालन के लिए क्या कार्यवाही की जा रही हैं? कार्य एवं परियोजनावार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या उक्त कार्यों के सफल क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं, अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार की जांच के लिए सरकार कोई कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या व नहीं तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) वर्ष 2003-04 से अब तक विभाग को प्राप्त बजट राशि तथा उसके विरूद्ध हुए वर्षवार व्यय का विवरण संलग्न परिशिष्ट-1 पर उपलब्ध है।

(2) वर्षवार 2003-04 से अब तक मदवार बचत का वर्षवार विवरण संलग्न परिशिष्ट-1 के कालम संख्या 6 एवं 10 पर अंकित है।

(3) जी हां। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिए राज्य के सभी 32 जिलों में 257 बाल विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत 35821 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पूरक पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा, टीकाकरण, पोषाहार एवं स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य जांच एवं सन्दर्भ सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त छोटे बच्चों एवं माताओं के पोषण व स्वास्थ्य पर निगरानी रखने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहयोगिनी का चयन किया जा रहा है।

महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक विकास तथा सशक्तिकरण हेतु सम्पूर्ण राज्य में महिला विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह, स्वयंसिद्धा, सामूहिक विवाह अनुदान योजना, शिशु पालना गृह संचालन, जिला महिला सहायता समिति, राज्य महिला आयोग, साथिन कार्यक्रम, बालिका समृद्धि योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के मध्य कार्यक्रमों में समन्वयन

स्थापित कर तथा नीति निर्धारण के उद्देश्य से राज्य की महिला नीति भी तैयार की गई है।

किशोरी बालिकाओं के लिए राज्य के 26 जिलों की 165 पंचायत समितियों में बालिकाओं के समग्र विकास के लिए किशोरी शक्ति योजना का संचालन किया जा रहा है। राज्य के आदिवासी बाहुल्य डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा जिलों में अल्प वजन की किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु पोषाहार पाईलेट परियोजना चलाई जा रही है। विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का विवरण परिशिष्ट-2 पर संलग्न है।

इन कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए ग्राम स्तर, खण्ड स्तर तथा जिला स्तर विभिन्न प्रकृति के कार्मिकों के नियोजन के साथ-साथ नियमित पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण तथा किये गये कार्यों की मासिक सूचना सम्प्रेषण की व्यवस्था स्थापित है। मासिक सूचनाओं के आधार पर पाई गई कमियों के निराकरण के लिए सम्बन्धित कार्मिकों को यथा समय दिशा-निर्देश जारी किये जाते हैं। समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर कार्मिकों की समीक्षा बैठकें आयोजित कर इन कार्यक्रमों का अपेक्षित लाभ जनसाधारण को पहुंचाने हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

(4) कार्यक्रम क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं के निराकरण हेतु समय-समय पर कार्यक्रमों की समीक्षा कर निर्धारित नीति एवं मानदण्डों में परिवर्तन कर आवश्यक दिशा-निर्देश निचले स्तर तक प्रसारित किये जाते हैं। भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की रोकथाम के लिए समय-समय पर महालेखाकार, निरीक्षण विभाग तथा विभागीय अंकेक्षण दलों द्वारा लेखों की जांच तथा अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा का कार्य किया जाता है।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन तथा पर्यवेक्षण हेतु नियमित रूप से आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण विभागीय एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों तथा जनसाधारण से प्राप्त शिकायतों की जांच के आधार पर अनुशासनात्मक कार्यवाही नियमानुसार की जाती है।

कार्यक्रम संचालन में आ रही खामियों की पहचान के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का मूल्यांकन बाहरी एजेन्सियों के माध्यम से [illegible] ना तथा उनसे प्राप्त सुझावों का समावेश कार्यक्रम के सुधार हेतु किया जाता है

परिशिष्ट-1

(राशि लाखों में)

क्र. सं.	मद	2003-2004				2004-2005				2005-2006	
		बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	बचत (4-5)	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	बचत (8-9)	बजट अनुमान	व्यय (8/05) तक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
पोषाहार कार्यक्रम											
1.	आई.सी.डी.एस. आयोजना भिन्न	90.06	96.91	97.83	-0.92	99.42	107.31	106.10	1.21	112.58	50.49
2.	आई.सी.डी.एस. सी.एस.एस.	14309.44	13753.92	11012.02	2741.90	12008.59	12571.16	11098.61	1472.55	14059.13	3450.14
3.	आई.सी.डी.एस. आयोजना	10907.70	12179.53	11946.52	233.01	12759.51	14251.52	13146.12	1105.40	23713.10	4250.47
	योग :-	**25307.20**	**26030.36**	**23056.37**	**2973.99**	**24867.52**	**26929.99**	**24350.83**	**2579.16**	**37884.81**	**7751.10**

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
महिला विकास कार्यक्रम											
1.	डब्ल्यू.डी.पी.- आयोजना भिन्न	162.96	192.81	190.84	1.97	213.93	164.12	163.21	0.91	196.02	73.36
2.	डब्ल्यू.डी.पी.- आयोजना	49.00	515.00	466.47	48.53	997.52	397.51	368.74	28.77	937.48	228.14
3.	डब्ल्यू.डी.पी.- सी.एस.एस.	0.02	0.00	0.00	0.00	0.02	25.00	25.00	0.00	0.02	180.00
	योग :-	**211.98**	**707.81**	**657.31**	**50.50**	**1211.47**	**586.63**	**556.95**	**29.68**	**1133.52**	**481.50**
	योग:-	**25519.18**	**26738.17**	**23713.68**	**3024.49**	**26078.99**	**27516.62**	**24907.78**	**2608.84**	**39018.33**	**8232.60**

* राशि का मिलान महालेखाकार कार्यालय की पुस्तिकाओं से नहीं किया गया है।

* वित्तीय वर्ष 2005-06 जारी होने के कारण इस वित्तीय वर्ष के प्रावधानों एवं व्यय के विरूद्ध बचत नहीं दर्शायी गई है।

भारत सरकार द्वारा स्वयं सिद्धा योजना (सी.एस.एस.) हेतु राशि 180.00 लाख निर्मुक्त की गई है, जिसके व्यय की वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त नहीं की गई है।

परिशिष्ट-2

1. <u>समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम</u>

राज्य में बच्चों के समग्र विकास के लिए समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत 257 बाल विकास परियोजनाएं संचालित हैं। यह परियोजनाएं सभी 32 जिलों की 237 पंचायत समितियों एवं 20 शहरी क्षेत्रों में चल रही हैं। इनके अधीन 35821 आंगनबाड़ी केन्द्र भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये हैं। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से आयु वर्ग 0-6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं को पूरक पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा तथा पोषाहार एवं स्वास्थ्य शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बच्चों एवं माताओं के टीकाकरण, स्वास्थ्य की जांच तथा सन्दर्भ सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

1) प्रतिदिन 35 लाख 82 हजार बच्चों एवं माताओं को पूरक पोषाहार वितरित करने का लक्ष्य नियत किया गया है।

2) प्रतिदिन 14 लाख 33 हजार बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

3) सभी 1 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को 6 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।

4) बच्चों की देखभाल तथा उनको पोषक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए माताओं एवं अभिभावकों को पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है।

2. <u>महिला विकास कार्यक्रम</u>

महिलाओं के प्रति समाज में जनचेतना जाग्रत करने तथा उनके सामाजिक सशक्तीकरण के लिए राज्य के सभी 32 जिलों में साथिनों के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया जा रहा है। यह साथिनें राज्य की 9 हजार 189 ग्राम पंचायतों पर स्वीकृत की गई हैं। इनमें से सात हजार 661 साथिनों का चयन किया जा चुका है। इनके द्वारा राज्य में महिलाओं के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

3. <u>स्वयं सहायता समूह</u>

महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 10-12 महिलाओं का समूह गठित कर उनमें बचत की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता है। 6 माह पुराने समूह को स्वरोजगार गतिविधियों का प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण राशि भी स्वीकृत कराई जाती है। राज्य में स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण तथा उत्पादों के विपणन के लिए राज्य स्तरीय स्वयं सहायता समूह संस्थान भी जयपुर में कार्य कर रहा है।

4. <u>स्वयं सिद्धा</u>

भारत सरकार द्वारा राज्य के 26 जिलों की 30 पंचायत समितियों में यह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत महिलाओं के स्वयं सहायता समूह भी गठित किये जा रहे हैं। साथ ही विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी योजनाओं में समन्वय का कार्य भी इस योजना के अन्तर्गत किया गया है।

5. <u>सामूहिक विवाह योजना</u>

समाज में सामूहिक विवाह को प्रवृत्त करने तथा विवाहों में अपव्यय को रोकने के लिए इस योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा 5 हजार रु. की दर से अनुदान राशि दी जाती है। यह अनुदान आयोजक संस्था को जिला कलक्टर के माध्यम से दिया जाता है।

6. <u>शिशु पालना गृह संचालन</u>

ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के छोटे बच्चों की दैनिक देखभाल के उद्देश्य से राज्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 500 शिशु पालना गृह (क्रेच) प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है।

7. <u>जिला महिला सहायता समिति</u>

शोषित एवं उत्पीड़न महिलाओं के तात्कालिक प्रश्रय तथा सहायता हेतु जिला महिला सहायता समितियों का राज्य के प्रत्येक जिले में गठन किया गया है। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित इन समितियों द्वारा ऐसी महिलाओं को विधिक एवं आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

8. <u>राज्य महिला आयोग</u>

राज्य में महिलाओं के हितों को संरक्षित करने तथा लैंगिक विभेद समाप्त करने की दृष्टि से राज्य महिला आयोग वर्ष 1999 से कार्य कर रहा है। इस आयोग को शोषित एवं उत्पीड़ित महिलाओं द्वारा लिखित एवं व्यक्तिश: मौखिक शिकायत प्राप्त होने पर उन प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही के उद्देश्य से सिविल न्यायालय की शक्तियां भी प्रदत्त है।

9. <u>बालिका समृद्धि योजना</u>

भारत सरकार से संपोषित इस योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों में अधिकतम दो बालिकाओं के जन्म पर माता को 500 रु. की राशि दी जाती है। इसके अतिरिक्त बालिका शिक्षा के लिए कक्षा 1-10 तक राशि 300-1000 रु. तक की छात्रवृत्ति दी जाती है। राशि का भुगतान बालिका के नाम से खोले गये खातें में किया जाता है। इस योंजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की उत्तरजीविता तथा बालिका शिक्षा को सुनिश्चित करना है।

10. <u>किशारी शक्ति योजना</u>

किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं सृजन शक्ति में गुणात्मक सुधार हेतु इस योजना का राज्य के 26 जिलों की 165 पंचायत समितियों में केन्द्र सरकार के सहयोग से योजना का संचालन किया जा रहा है। पंचायत समिति क्षेत्र के 20 गांवों का चयन प्रतिवर्ष बारी-बारी से किया जाता है। इन गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 2 किशोरी बालिकाओं को पूरक पोषाहार का वितरण किया जाता है। प्रति पंचायत समिति प्रतिवर्ष 11-18 वर्ष की 600 बालिकाओं को वोकेशनल प्रशिक्षण, पोषाहार एवं स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, आईएफए गोलियों का वितरण तथा अन्य शिक्षा एवं सामाजिक चेतना से सम्बन्धित विषयों पर भी जानकारी दी जाती है।

11. <u>पोषाहार पायलेट परियोजना</u>

राज्य के डूंगरपुर एवं बांसवाडा जिलों में 35 किग्रा. से कम वजन वाली 10 वर्ष से अधिक एवं 19 वर्ष से कम आयु वाली किशोरी बालिकाओं को प्रतिमाह 6 किग्रा. खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जाता है। खाद्यान्न का वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से होता है। इस योजना का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं में कुपोषण की रोकथाम कर, उनका शारीरिक एवं बौद्धिक विकास करना है।

12. <u>सहयोगिनी</u>

राज्य में बच्चों एवं गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को उचित खान-पान एवं पोषण, टीकाकरण, देखभाल आदि के सम्बन्ध में परिवारों को परामर्श देने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहयोगिनी लगाई जा रही है। सहयोगिनी के रूप में कार्य करने वाली महिला प्रति दिवस परिवारों के घर आंगन में जाकर उनके स्वास्थ्य रक्षण के बारे में सभी प्रकार की उचित सलाह देगी एवं परिवारों के स्वास्थ्य रक्षण में अहम भूमिका अदा करेगी। राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप वार्षिक कार्य योजना 2004-05 में 26,521 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहयोगिनियों को लगाये जाने का प्रावधान किया गया। इसी क्रम में शेष आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वर्ष 2005-06 में 9300 सहयोगिनियों को लगाये जाने का प्रावधान किया गया।

सहयोगिनियों का चयन ग्राम पंचायत के द्वारा किया जाता है। सहयोगिनियों की शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है। चयनित सहयोगिनियों को 500/- प्रतिमाह मानदेय दिया जावेगा। सहयोगिनियों का चयन कार्य काफी त्वरित गति से किया गया है। अब तक अगस्त, 2005 तक कुल 35,821 सहयोगिनियों के चयन लक्ष्य के विरूद्ध 22, 168 सहयोगिनियों का चयन किया जा चुका है। शेष सहयोगिनियों का चयन कार्य प्रक्रियाधीन है। शेष चयन कार्य भी इसी वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक सम्पन्न कर शत-प्रतिशत लक्ष्यों की उपलब्धि अर्जित करने के पूर्ण प्रयास किये जायेंगे।

बारां जिले में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु व्यय राशि

5. **श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डौली) :** क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जिला बारां के विभिन्न चिकित्सालयों में कितने-कितने मरीज गत 3 माह में मौसमी बीमारियों, कुपोषण के कारण भर्ती किये गये?

(2) उक्त कुपोषण एवं मौसमी बीमारियों के कारण भर्ती किये गये मरीजों में से कितने व्यक्तियों की मृत्यु हो गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा मौसमी बीमारियों के लिए जिला बारां में क्या-क्या व्यवस्थाएं की गई और कितनी राशि मौसमी बीमारियों के इलाज पर खर्च की गई, विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जिला बारां के विभिन्न चिकित्सालयों में गत 3 माह में मौसमी बीमारियों के कारण कुल 2250 मरीज भर्ती हुए। कुपोषण के कारण कोई भी मरीज जिले के किसी भी चिकित्सालय में भर्ती नहीं हुआ।

(2) मौसमी बीमारियों के कारण भर्ती किए गए उक्त 2250 मरीजों में से 5 रोगियों की मृत्यु हुई है। जिनका विवरण परिशिष्ट "अ" पर उपलब्ध है।

(3) बारां जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियन्त्रण के लिए निम्न व्यवस्थाऐं की गई :-

जिला बारां में मानसून के आगमन से पूर्व 31 मई, 2005 से 31 जुलाई, 2005 तक सिन्थैटिक पायरेथ्राईड एवं डी.डी.टी. कीटनाशकों का छिडकाव करवाया गया एवं मलेरिया की प्रभावी रोकथाम के लिए 1.8.2005 से छिडकाव का दूसरा चक्र चलाया जा रहा है। अति संवेदनशील गांवों में अत्याधुनिक कीटनाशक अल्फासाइपरमेथ्रिन का छिड़काव करवाया जा रहा है।

माह जुलाई से ही भ्रमणशील दल (मोबाइल टीम) का गठन कर घर-घर विजिट अभियान चलाया गया। माह अगस्त में अन्य जिलों से भी 18 चिकित्सा दल मय चिकित्सा अधिकरी के बारां जिले में लगाए गए हैं। उक्त दलों द्वारा प्रत्येक गांव में घर-घर विजिट कर मौके पर ही रोगियों का उपचार किया जा रहा है। बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाईड बनाकर तत्काल जांच कर, उनमें मलेरिया रोगी पाए जाने पर मौके पर ही तत्काल आमूल उपचार दिया जा रहा है।

दिनांक 4.9.2005 से जिले में 40 टीमें गठित कर प्रत्येक गांव में बीमारियों का घर-घर सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ करवाया। टीमों को आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराई गई। टीमों द्वारा प्रत्येक घर में उल्टी-दस्त, बुखार, निमोनिया, पीलिया इत्यादि रोगियों की खोज कर मौके पर ही आवश्यक उपचार दिया गया।

बुखार के रोगियों की रक्त पटिकाएं बनाई गईं। गम्भीर रोगियों को निकट के चिकित्सा केन्द्र पर ले जाया गया। गांवों में जल स्रोतों का शुद्धिकरण किया गया। अभियान का दूसरा चरण 12.9.2005 से प्रारम्भ किया गया जो अभी जारी है।

उक्त के अलावा अन्य जिलों से बारां जिले के संवेदनशील गांवों में लगभग 80 चिकित्साकर्मी (नर्स, एएनएम, एलटी, एमपीडब्ल्यू) लगाये गए हैं जो लगातार मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं त्वरित उपचार की कार्यवाही कर रहे हैं।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु पेयजल स्रोतों का जल शुद्धिकरण एवं

नमूनीकरण किया जा रहा है तथा जनसाधारण का प्रचार-प्रसार के माध्यम से रोगों के बचाव व उपचार हेतु स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है।

रोगों के त्वरित निदान एवं उपचार हेतु जल, मल/उल्टी एवं खून के नमूने जांच हेतु लिये जा रहे हैं।

समस्त चिकित्सा संस्थानों पर मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों में आवश्यक औषधियां जैसे मलेरिया रोधी औषधियां, ओ.आर.एस. आई.वी. फ्लुइस, कीटनाशक एवं ब्लीचिंग पाउडर इत्यादि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बारां जिले में मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों की स्थिति का जायजा लेने राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही करवाई जा रही है।

उक्त व्यवस्थाओं एवं मौसमी बीमारियों के इलाज पर राज्य सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अब तक राशि रुपये 31,50,000/- खर्च की जा चुकी है।

इन सभी गतिविधियों की लगातार नियमित रूप से मोनिटरिंग की जा रही है।

परिशिष्ट "अ"

बारां जिले के विभिन्न चिकित्सालयों में गत 3 माह में मौसमी बीमारियों के कारण भर्ती किए मरीजों में से हुई मृत्यु की सूचना

क्र. सं.	गांव	चिकित्सालय	मृतक/मृतका का नाम	पिता/पति का नाम	उम्र	जाति	मृत्यु दिनांक	मृत्यु का सम्भावित कारण	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	कापडीखेड़ा	बारां चिकित्सा	सीमा/(बतूल)	भंवरलाल	12 वर्ष	सहरिया	29.8.2005	टाईफाईड	बुखार के कारण 8 दिन से बारां चिकित्सालय में भर्ती था। 29.8.2005 को दिन में 12 बजे मृत्यु हुई।
2.	मिसाइडांडा	बारां चिकित्सा	सीमा	लक्ष्मण	15 वर्ष	सहरिया	3.9.2005	कारडियो रेसपीरेटरी फलियोर	यह मरीज दिनांक 3.9.2005 को 12.45 बजे राजकीय चिकित्सालय बारां में अर्द्धबेहोश में भर्ती हुई थी इसकी खून जांच में मलेरिया नहीं पाया गया। इसको खून

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
2.	मिसाइडांडा	बारां चिकित्सा	सीमा	लक्ष्मण	15 वर्ष	सहरिया	3.9.2005	कारडियो रेसपीरेटरी फिलियोर	की कमी नहीं थी। इसको [illegible] दर्द की शिकायत थी [illegible] बेहोश हो गई इसकी मृ[illegible] कारण कारडियो रे[illegible] फलियोर था।
3.	रिझड़ा	छबड़ा	अजय	रामगोपाल	3 माह	एयरवाल	29.8.2005	निमोनिया	छबड़ा चिकित्सालय में 29.8.2005 को 3 बजे भर्ती हुआ शिशु रोग विशेषज्ञ का [illegible] चला। रात्रि 10.30 बजे [illegible] हुई।
4.	नीमथूर	छबड़ा	जानकी बाई	बद्रीलाल	45 वर्ष	मीणा	28.8.2005	एनटरिक टोक्सीमिया	यह मरीज 28.8.2005 को [illegible] 5 बजे सीएचसी छब[illegible] में [illegible] हुई। बिडाल टेस्ट पा[illegible] पाया गया। मरीज की [illegible] एनटरिक टोक्सीमिया [illegible]

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
5.	दुगारी	अन्ता	पिंकी	नाथुलाल	5 वर्ष	रैगर	30.8.2005	वायरल बुखार	4-5 दिन से बुखार से पीडित थी 3 दिन गांव में ही आरएमपी से इलाज करवाया बाद में 30.8.2005 को अन्ता चिकित्सालय लेकर गये जहां उसका इलाज कनिष्ट विशेषज्ञ मेडिसिन द्वारा किया गया। खून व पेशाब की समस्त जांच हुई। इलाज के दौरान सायं 6.30 बजे बालिका की मृत्यु हो गयी।

जयपुर शहर हेतु प्रस्तावित रिंग रोड़

6. श्री बृजकिशोर शर्मा (जयपुर ग्रामीण) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार जयपुर शहर में रिंग रोड बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

(2) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा इस हेतु आवश्यक स्वीकृति जारी की जा चुकी है? यदि हां, तो स्वीकृति का विवरण मय प्लान के सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा टोंक रोड से आगरा रोड एवं आगरा रोड से दिल्ली रोड तक रिंग रोड की लाइन तय कर ली गई है? यदि हां, तो कहां-कहां होकर लाइन तय की गई है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। जयपुर शहर में तीन वर्ष में रिंग रोड एवं डवलपमेन्ट कोरीडोर बनाने की योजना प्रस्तावित है।

(2) रिंग रोड एवं डवलपमेन्ट कोरीडोर परियोजना की स्वीकृति जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की गई है। तदनुसार राज्य सरकार द्वारा भूमि अवाप्ति की अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जिसकी प्रति परिशिष्ट "अ" पर एवं प्लान की प्रति परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है।

(3) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा टोंक रोड से आगरा रोड की लाइन तय कर ली गई है। आगरा रोड से दिल्ली रोड तक प्रस्तावित चरण में अत्यधिक नदी, नाले एवं पहाडियां होने के कारण परियोजना की प्लानिंग का कार्य प्रगति पर है। परियोजना की विस्तृत रूपरेखा तय होने के पश्चात् ही इस लाइन में आने वाले ग्रामों की सूचना उपलब्ध होना सम्भव हो सकेगा। टोंक रोड से आगरा रोड तक की तय की गई लाइन जहां-जहां से होकर तय की गई है उन ग्रामों की सूचना परिशिष्ट "स" पर संलग्न है।

(प्रति/प्लान आदि विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखी गयी)

नागौर जिले में नवीन ग्रिड सब-स्टेशन

7. श्री रामचन्द्र जारोड़ा (मेड़ता) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे .-

क्या यह सही है कि सरकार नागौर जिले में 33 केवी, 132 केवी, 220 केवी व 400 केवी के विद्युत ग्रिड स्टेशन बनाने का विचार रखती है? यदि हां तो कब तक व किन-किन स्थानों पर? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

जी हां। नागौर जिले में वर्ष 2004-05 से माह अगस्त, 2005 तक स्वीकृत 33/11 के.वी. सब-स्टेशनों का विवरण परिशिष्ट "अ" पर उपलब्ध है। वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त सब-स्टेशनों का निर्माण किया जा सकेगा। नागौर जिले में 220 के.वी. का एक ग्रिड सब-स्टेशन मकराना में तथा 132 के.वी. के तीन ग्रिड सब-स्टेशन हेसाबा, मेड़ता रोड एवं रूण में बनाया जाना स्वीकृत है। इन ग्रिड सब-स्टेशनों में से 220 के.वी. मकराना एवं 132 के.वी. हेसाबा ग्रिड सब-स्टेशन वर्ष 2005-06 में तथा मेड़ता रोड व रूण में 132 के.वी. ग्रिड सब-स्टेशन वर्ष 2006-07 में पूर्ण किये जाने प्रस्तावित हैं। इनके अतिरिक्त खींवसर में एक 220 के.वी. ग्रिड सब-स्टेशन बरसिंगसर तापीय विद्युतगृह से विद्युत निस्तारण हेतु आवश्यक प्रसारण तंत्र की योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया है।

परिशिष्ट "अ"

नागौर जिले में वर्ष 2005-06 माह अगस्त, 2005 तक स्वीकृत 33/11 केवी सब स्टेशनों की सूची

1. रूपपुरा
2. नरवा
3. ईशर नाबदा
4. पचौरी
5. हमीराना
6. अन्तरोलीकलां
7. करवासों की ढाणी
8. तौसर
9. बरली
10. रिको, नागौर
11. रिको, मेड़ता

लूणी विधान सभा क्षेत्र में सड़क निर्माण हेतु आबंटित राशि

8. श्री जोगाराम पटेल (लूणी) : क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) वित्तीय वर्ष 2004-05 में विधान सभा क्षेत्र लूणी को नाबार्ड व आर.यू.एम.पी. योजनाओं के अन्तर्गत किन-किन कार्यों पर कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई तथा कितनी राशि का उपयोग किया गया? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) नाबार्ड व आर.यू.एम.पी. के अन्तर्गत एक विधान सभा क्षेत्र में कितनी कितनी राशि का आबंटन किया जाता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वित्तीय वर्ष 2005-06 में विधान सभा क्षेत्र लूणी में किस-किस योजना में कितनी-कितनी राशि सड़कों पर व्यय करना प्रस्तावित है?

(4) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2004-05 में स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों/अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या और कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) वित्तीय वर्ष 2004-05 में विधान सभा क्षेत्र लूणी में नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित आर.एम.यू.पी. योजना के अन्तर्गत 60.00 लाख राशि आबंटित की गई थी। जिसके विरूद्ध 51.45 लाख का व्यय किया गया है। सूची परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

(2) नाबार्ड द्वारा पोषित आर.एम.यू.पी. योजना में सड़कों के डामरीकरण हेतु राशि का आबंटन विधान सभा क्षेत्रवार न होकर क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति एवं रिन्यूवल साईकल के अनुसार किया जाता है।

(3) वित्तीय वर्ष 2005-06 में विधान सभा क्षेत्र लूणी में आर.एम.यू.पी. योजना प्रथम के तहत 28.24 लाख, डब्ल्यू.बी.एम. से बी.टी. फेज द्वितीय योजना में 99.00 लाख तथा पी.एम.जी.एस.वाई. योजना में 363.10 लाख रु. व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

(4) जी नहीं। वर्ष 2004-05 में लूणी विधान सभा क्षेत्र में 11 स्वीकृत कार्यों में से 8 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। शेष 3 में से 2 कार्यों को पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 23.12.2005 है एवं एक कार्य की भूमि पर अतिक्रमण के कारण 600 मीटर डामर सडक का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। राज्य सरकार समय पर पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ अनुबन्ध के अनुसार क्षतिपूर्ति वसूली करती है। विलम्ब से होने वाले 3 कार्यों पर कुल 2.68 लाख की अन्तरिम क्षतिपूर्ति वसूली गई है। विलम्ब से पूर्ण किये गये कार्यों की सूची परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है।

वित्तीय वर्ष 2004-05 में विधान सभा क्षेत्र लूणी में नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित आर.एम.यू.पी.-1 योजना के अन्तर्गत आबंटित तथा व्यय राशि का विवरण

परिशिष्ट "अ"

क्र. सं.	कार्य का नाम	स्वीकृत राशि (लाखों में)	स्वीकृत किलोमीटर	कार्य पर कुल व्यय (लाखों में)	टिप्पणी
आर.एम.यू.पी. प्रथम के कार्य					
1.	गूडा लूणी धून्धाड़ा कि.मी 4/0 से 14/0 एवं 19/500 से 22/500 आरएमयूपी प्रथम	36.40	13.00	29.88	कार्य पूर्ण
2.	बीसलपुर टांका से भटिण्डा कि.मी 5/0 से 12/0 आरएमयूपी प्रथम	23.60	7.00	21.57	कार्य पूर्ण
	योग	**60.00**	**20.00**	**51.45**	

वर्ष 2004-05 में विलम्ब से पूर्ण हुए कार्यों की सूची

परिशिष्ट "ब"

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि	कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि	कार्य की वर्तमान स्थिति	देरी के लिए लगाई गई क्षतिपूर्ति	टिप्पणी
1.	जोधपुर सरदारशहर सडक कि.मी. 35 से सजाडा पी.एम.जी.एस.वाई पैकेज सं. आरजे-21/27	22.4.2005	28.4.05 समय विलम्ब (6 दिन)	पूर्ण	1.00 लाख (अन्तरिम)	

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि	कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि	कार्य की वर्तमान स्थिति	देरी के लिए लगाई गई क्षतिपूर्ति	टिप्पणी
2.	गूड़ा लूणी धून्धाड़ा कि.मी 4/0 से 14/0 एवं 19/500 से 22/500 आरएमयूपी प्रथम	3.5.2005	8.5.2005 समय विलम्ब (5 दिन)	पूर्ण	1.68 लाख (अन्तरिम)	क्रम संख्या 2 एवं 3 का कार्य एक अनुबन्ध के तहत है।
3.	बीसलपुर टांका से भटिण्डा कि.मी 5/0 से 12/0 आरएमयूपी प्रथम	3.5.2005	15.6.05 समय विलम्ब (1 माह 12 दिन)	पूर्ण		

जैसलमेर में होटल निर्माण हेतु आबंटित भू-खण्ड

9. **डा. समरजीत सिंह (भीनमाल) : क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-**

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा जैसलमेर शहर व इसके 15 किलोमीटर क्षेत्र में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिये होटल निर्माण हेतु वर्ष 1980 से वर्ष 2004 तक रियायती दरों पर या खुली बोली में भूखण्ड आबंण्टित किये गये हैं ? यदि हां, तो किस-किस स्थान पर कितनी-कितनी राशि में किस-किस व्यक्ति/ फर्म को कौन -कौन से वर्ष में किन-किन शर्तों पर भूखण्ड आबंटित किये गये तथा इन भूखण्डों की निलामी से सरकार को कुल कितनी आय हुई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) आबंटन की शर्तों के अनुसार कितने भूखण्डों पर होटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है व कितने भूखण्ड कब-कब से आज भी खाली हैं? खाली पड़े भूखण्डों का आज बाजार मूल्य क्या है? खाली पड़े हुये भूखण्डों की सूची आबंटी के नाम सहित सदन की मेज पर रखें।

(डा. समरजीत सिंह)

(3) क्या यह सही है कि खाली पड़े भूखण्डधारियों को सरकार द्वारा कोई नोटिस दिया गया है? यदि हां, तो कब-कब व नहीं, तो क्यों?

(4) क्या सरकार जिन आबंटियों ने आबंटन की शर्तों को पूरा नहीं कर भूखण्डों को खाली रख रखा है, के आबंटन आदेशों को निरस्त करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। वर्ष 1989 से 2003 तक होटल/रिसोर्ट प्रयोजनार्थ 13 भूखण्डों का आबंटन किया गया। आबंटी एवं क्षेत्रवार विवरण परिशिष्ट-ए पर संलग्न है। उक्त में से 12 भूखण्डों का आबंटन राज. भू-राजस्व (सिनेमा, पैट्रोल पम्प या चिकित्सा सुविधा स्थापित करने हेतु कृषि भूमि का आबंटन, परिवर्तन तथा नियमन) नियम, 1978 एवं एक भूखण्ड का आबंटन राज. भू-राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आबंटन) नियम, 1959 में उल्लेखित शर्तों पर किया गया है। उक्त भूखण्डों के आबंटन से राज्य सरकार को 1.48 करोड़ रुपये की आय हुई। जिसका विवरण परिशिष्ट-ए पर है।

(2) आबंटन की शर्तों के अनुसार 5 आबंटित भूखण्डों पर होटलों का निर्माण पूर्ण कर उसे चालू कर दिया गया है व 7 भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है एवं 1 आबंटी के द्वारा अधूरा निर्माण करवाया गया है। उक्त भूखण्डों का मूल्य आज की डीएलसी दर से 2.55 करोड़ रुपये बनती है। खाली पड़े भूखण्डों की सूची आबंटी के नाम सहित परिशिष्ट-बी पर संलग्न है।

(3) जी हां। दिनांक 7.5.2005, 31.5.2005 एवं 26.6.2005 को राज्य सरकार द्वारा नोटिस दिये गये।

(4) जिन आबंटियों ने आबंटन शर्तों को पूरा नहीं कर भूखण्डों को खाली डाल रखा है, के आबंटन आदेश निरस्त करने सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार जो नोटिस दिये गये उन पर नियमानुसार कार्यवाही विचाराधीन है।

कार्यालय जिला कलक्टर, जैसलमेर

जैसलमेर में होटल प्रयोजनार्थ आबंटित भू-खण्डों का विवरण

क्र. सं.	आबंटी का नाम	भू खण्ड सं.	साईज	आबंटन/ नीलामी की दिनांक	आबंटन/ निलामी	आबंटन/निलामी से प्राप्त आय (रुपयों में)				
						कीमत	किराया	विकास शुल्क	रुपया शुल्क	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
					रिसोर्ट काम्पलेक्स बाडमेर रोड					
1.	मैं. आबेराय होटल्स लि.	01	19.40 एकड़	8.9.1994	आबंटन	485000.00	5490.00	850784.00	227747.00	1568721.00
2.	मै. वेलकम ग्रुप लि. (आई.टी.सी. होटल्स लि.)	03	18.30 एकड़	19.5.1993	आबंटन	457500.00	13994.00	797606.00	217508.00	148668.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
3.	मै. इण्डियन होटल्स कं. (ताज ग्रुप) लि.	04	20.90 एकड़	1.5.1993	आबंटन	500000.00	18000.00	870000.00	217800.00	1605800.00
	होटल काम्पलेक्स जोधपुर रोड									
4.	मै. होटल गोडावन प्रा. लि. (होटल रजवाड़ा फोर्ट), जैसलमेर)	01	6.85 एकड़	7.12.1995	नीलामी	615000.00	59678.00	298386.00	0.00	973064.00
5.	मै. भगवती नव निर्माण प्रा. लि., बाड़मेर	02	6.95 एकड़	9.7.1993	आबंटन	278000.00	60552.00	302742.00	0.00	641294.00
6.	मै. मालानी होटल्स प्रा. लि. (होटल रावलकोट), जोधपुर	03	3.40 एकड़	26.11.1992	आबंटन	127500.00	29621.00	148104.00	0.00	305225.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
7.	मै. पायल होटल्स एण्ड रिसोर्ट लि. जैसलमेर	04	3.35 एकड	15.3.1903		2550000.00	600.00	147126.00	0.00	2697726.00
8.	मै. मरूधरा होटल्स प्रा. लि.. जोधपुर	06	3.98 एकड	7.12.1995	आबंटन	285000.00	29447.00	148104.00	0.00	462551.00
9.	मै. कोंस कन्ट्री होटल्स लि, नई दिल्ली	07	8.50 एकड	20.3.1993	आबंटन	340000.00	74923.00	374616.00	0.00	789539.00
				होटल काम्पलेक्स सम रोड						
10.	मै. बी.जे. होटल लि. (गोरबंध पैलेस जैसलमेर होटल)	1 2 3	250x190 व.फु.	3.10.1989	नीलामी	1250000.00	39600.00	197500.00	0.00	1487100.00
			250x330 व.फु. 250x400 व.फु.		आबंटन / विस्तार	1153400.00	36500.00	182500.00	0.00	1372400.00

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
11.	मै. हेरीटेज इन प्रा. लि. (होटल हेरीटेज), जैसलमेर	4	200x830 व.फु.	13.8.1991	नीलामी	485000.00	31500.00	157500.00	0.00	674000.00
12.	मै. उमा होटल्स लि. (होटल रंगमहल), जैसलमेर	5	250x340 व.फु.	26.2.1992	नीलामी	282000.00	2000.00	120000.00	0.00	404000.00
13.	मै. केजरीवाल होटल्स प्रा. लि., जयपुर	6	250x790 व.फु.	20.11.1992	नीलामी	215000.00	1425.00	85000.00	0.00	301425.00

जिला कलक्टर
जैसलमेर

परिशिष्ट "बी"

कार्यालय जिला कलक्टर, जैसलमेर

जैसलमेर में होटल प्रयोजनार्थ आबंटित भूखण्डों का विवरण

क्र. सं.	आबंटी का नाम	भूखण्ड सं.	साईज	आबंटन/नीलामी की दिनांक	आबंटन/ नीलामी	होटल निर्माण सम्बन्धी विवरण
1	2	3	4	5	6	7
			रिसोर्ट काम्पलेक्स बाड़मेर रोड			
1.	मै. ओबेराय होटल्स लि.	01	19.40 एकड़	8.9.1994	आबंटन	भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है।
2.	मै. वेलकम ग्रुप लि. (आई.टी.सी. होटल्स लि.)	03	18.30 एकड़	19.5.1993	आबंटन	भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है।
3.	मै. इण्डियन होटल्स कं. (ताज ग्रुप) लि.	04	20.90 एकड़	1.5.1993	आबंटन	भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है।
			होटल काम्पलेक्स जोधपुर रोड			
4.	मै. भगवती नव निर्माण प्रा. लि. बाड़मेर	02	6.95 एकड़	9.7.1993	आबंटन	भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है।

1	2	3	4	5	6	7
5.	मै. पायल होटल एण्ड रिसोर्ट लि. जैसलमेर	04	3.35 एकड	15.3.2003	नीलामी	भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है।
6.	मै. मरूधरा होटल्स प्रा. लि. जोधपुर	06	3.98 एकड	7.12.1995	आबंटन	भू खंण्ड वक्त आबंटन से खाली है। आबंटन की शर्तो की पालना नहीं करने से आबंटन निरस्त किया गया है, जिसके विरूद्ध आबंटी के द्वारा राजस्व मण्डल में अपील की गई है जो कि विचाराधीन है।
7.	मै. कॉस कन्ट्री होटल्स लि. नई दिल्ली	07	8.50 एकड	20.3.1993	आबंटन	मौके पर अधूरा निर्माण है।
			होटल काम्पलेक्स सम रोड			
8.	मै. केजरीवाल होटल्स प्रा. लि. जयपुर	06	250x790 व.फु.	20.11.1992	नीलामी	भूखण्ड वक्त आबंटन से खाली है।

जिला कलक्टर
जैसलमेर

बाली विधान सभा क्षेत्र के ग्राम/ढाणियों का माडा योजनान्तर्गत विकास

10. श्री पुष्पेन्द्र सिंह (बाली) : क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र बाली की माडा चयनित ग्राम व ढ़ाणियों जो पेयजल संकट, अविद्युतीकरण, अपर्याप्त इलाज/उपचार आदिवासी बालिका शिक्षा व महिला विकास के पिछड़ेपन व अन्य विकास कार्यों से वंचित हैं? यदि हां, तो ऐसी ग्राम ढाणियों का वर्तमान जनसंख्या सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त ग्राम ढाणियों में पेयजल सुविधा, विद्युतीकरण, आदिवासियों के पर्याप्त इलाज/उपचार आदिवासी बालिका शिक्षा, महिला विकास व अन्य विकास कार्य माडा योजनान्तर्गत करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) बाली विधान सभा क्षेत्र की माडा चयनित सभी गांव विभिन्न पेयजल योजनाओं द्वारा लाभान्वित हैं।

चिकित्सा सुविधा के तहत 21 गांवों में 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 12 उप केन्द्र एवं 2 एएनएम स्तर के केन्द्र कार्यरत हैं। माडा योजना एवं विधान सभा बाली का कोई ग्राम चिकित्सा सुविधा से वंचित नहीं है।

महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अन्तर्गत 21 गांवों में से एक गांव अरडवा में महिला बाल विकास विभाग का आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापित नहीं है।

माडा क्षेत्र में संलग्न सूची परिशिष्ट "ए" में अंकित गांव/ढाणियां वर्तमान में विद्युतीकृत नहीं हैं।

माडा क्षेत्र में 3 हायर सैकण्डरी स्कूल, 2 सैकण्डरी स्कूल, 20 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 47 प्राथमिक विद्यालय व 28 शिक्षा कर्मी विद्यालयों का संचालन कर रहा है।

(2) जी हां। सरकार माडा क्षेत्र की उक्त ग्राम/ढाणियों में पेयजल, विद्युतीकरण आदिवासियों के पर्याप्त इलाज/उपचार आदिवासी बालिका शिक्षा महिला विकास व अन्य विकास कार्य करवाने का विचार बजट की उपलब्धता की स्थिति में रखती है। वर्तमान में प्रस्तावित योजनाओं की सूची परिशिष्ट "ब" पर उपलब्ध है।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत	ग्राम का नाम	जनसंख्या के अनुसार	आवद्युतीकृत ढाणी	विवरण
1	2	3	4	5	6
1.	दूदनी	रघुनाथपुरा	142[illegible]	—	
2.	कोठार	कोठार	2625	इन्द्रा कोलोनी	
		वेलार	1163	—	
3.	लुन्दाडा	लुन्दाडा	2906	डुगरी जी की भागल	
		मालदर ढाणी	250	—	
4.	मालनू	मालनू	2493	—	
		हिरोला	264	—	
		लालपुरा		—	
5.	चामुन्डेरी	चामुन्डेरी	7946	बोरावली, भीलबस्ती	
6.	नाना	नाना	11754	कराडों की वाव भील बस्ती रेतिया भागल गोरधनपुरा, सरजूवाडी रमतानाडी, बराडिया	
7.	आमलिया	आमलिया	1362	वाजफली, रबारियों की ढाणी	
		कागदडा	1086	कागदडा झूपा	
		ठण्डीबेरी		—	
8.	भीमाना	भीमाना	7125	—	
9.	कोयलबाव	कोयलबाव	5091	भूरीघाटी कुरका पाटरीया ढाणी सिंगटा भाटा खादराफली भागला खूणा	
10.	कूरण	कूरण	2069	रूपण खेडा कूरण खादरा	
		कोलवाडा	724	कान्दारा नाल कोलवाला उपला व कोलवाडा निचला	

1	2	3	4	5	6
		खेतरली	1572	खेतरली खाडा उपली फली निचली फली	
11.	गोरिया	गोरिया	2245	—	
		कोरवा	756	कोरवा सम्पूर्ण	
12.	काकराडी	काकराडी	1023	थोईडी फली भील बस्ती	
		अरडवा	446	अरडवा कोटीया खादरा	
		साभरंवाडा	1139	रीणी खेत कुडालिया, सांकडा सांभरवाडा	
		दानवरली	757	—	

परिशिष्ट "ब"

पेयजल विभाग-माडा क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल एवं वर्तमान सुविधा का विस्तार उपलब्ध कराने हेतु निम्नांकित योजनाएं प्रस्तावित हैं :-

1. ग्राम भीमाना की स्वच्छ पेयजल (परिवर्तित योजना हैण्डपम्प से पनघट) उपलब्ध कराने बाबत योजना राज्य सरकार द्वारा रु. 72.30 लाख की बजट मद ए.आर.जी. (डीडीजी) प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने का कार्य प्रगति पर है। तकनीकी स्वीकृति पश्चात् कार्य करवाना सम्भव होगा।

2. ग्राम लालपुरा एवं लून्दांडा को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्रीय जल योजना अनुमानित लागत रु. 57.91 लाख कीं प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बजट मद एआजी (डीडीजी) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा जारी की जा चुकी है एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने का कार्य प्रगति पर है। तकनीकी स्वीकृति पश्चात कार्य करवाना सम्भव होगा।

3. ग्राम खेतरली को स्वच्छ पेयजल (परिवर्तित योजना हैण्डपम्प से पनघट) उपलब्ध कराने बाबत योजना अनुमानित लागत रु. 53.58 लाख की स्वीकृति हेतु विचाराधीन है।

4. ग्राम गोरिया की स्वच्छ पेयजल (परिवर्तित योजना हैण्डपम्प से पनघट) उपलब्ध कराने बाबत योजना अनुमानित लागत रु. 7.48 लाख की बजट मद माडा के अन्तर्गत

स्वीकृत की जा चुकी है। कार्य प्रगति पर है। योजना के अन्तर्गत एक नलकूप का निर्माण करवाया जा चुका है एवं चालू करने हेतु विद्युत मांग पत्र का भुगतान किया जा चुका है। विद्युतीकरण पश्चात् योजना के अन्य कार्य पाइपलाइन लगाना, बिछाना व भूतल जलाशय का निर्माण कराना सम्भव होगा।

चिकित्सा विभाग ग्राम चामुण्डेरी (जनसंख्या) के वर्तमान उच्च स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा माडा क्षेत्र में निम्न स्थानों पर अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र खोलना प्रस्तावित है :-

1. हिरोला में मिनि आंगनबाड़ी केन्द्र,
2. लून्दाडा-मालदर ढाणी आंगनबाड़ी केन्द्र,
3. काकराडी में-अरडवा, आंगनबाड़ी केन्द्र,
4. कूरण में-कोलीवाडा, आंगनबाड़ी केन्द्र,
5. भीमाना में-

   1—सामतीफली, आंगनबाड़ी केन्द्र,

   2—तणी फली, आंगनबाड़ी केन्द्र,

   3—माडिया भीमाना आंगनबाड़ी केन्द्र,
6. कोयलबाव में

   1—चौपा की नाल, आंगनबाड़ी केन्द्र,

   2—चिगटा भाटा, आंगनबाड़ी केन्द्र,
7. आमलिया की ढाणी-नार्थो की फली आंगनवाड़ी केन्द्र स्थापित करने माडा क्षेत्र की अविद्युतीकृत ढाणियों एवं गांवों में विद्युतीकरण हेतु विभागीय नार्मस के अनुसार प्रस्ताव प्राप्त होने पर कार्य करवाया जा सकता है। शिक्षा विभाग ने कोलवाड़ा, कोरवा, हिरोला व कुरण गांव में नवीन प्राथमिक विद्यालय की आवश्यकता को चिह्नित किया है। इसी प्रकार विभाग ने ग्राम लून्दाडा में बालिका विद्यालय एवं मालनू में माध्यमिक विद्यालय खोलने की आवश्यकता जताई है।

जनजाति उपयोजना (उदयपुर) क्षेत्र में चिकित्सा कर्मियों की भर्ती में विशेष आरक्षण

11. श्री अर्जुन लाल मीणा (सलूम्बर) : क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) उदयपुर सम्भाग में नर्स/कम्पाउण्डर के कितने पद स्वीकृत हैं? जिलेवार सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त स्वीकृत पदों में से कितने पद भरे हुए व कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्या सरकार इस हेतु नई भर्ती करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या यह भी सही है कि जनजाति उप योजना क्षेत्र में नर्स/कम्पाउण्डर के पद पर 45 प्रतिशत आरक्षण है? यदि हां, तो क्या सरकार आयुर्वेद नर्स कम्पाउण्डर/ भर्ती में उक्त आरक्षण कोटा देने का विचार रखती है?

उत्तर

(1) आयुर्वेद विभागान्तर्गत, उदयपुर सम्भाग में नर्स/कम्पाउण्डर के कुल 773 पद एवं आयुर्वेद महाविद्यालय के अधीन 43 पद स्वीकृत हैं, जिनका जिलेवार विवरण परिशिष्ट "क" पर सदन की मेज पर रख दिया है।

(2) स्वीकृत पदों में से भरे हुए पदों व रिक्त पदों का जिलेवार विवरण परिशिष्ट "क" में संलग्न है। नर्स/कम्पाउण्डर के रिक्त पद, नवीन नियुक्ति से भरने का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

(3) जी हां। नवीन नियुक्ति के समय नियमानुसार आरक्षण के प्रावधानों का पालन किया जाता है।

परिशिष्ट "क"

आयुर्वेद विभागान्तर्गत, उदयपुर सम्भाग में नर्स/कम्पाउण्डर के स्वीकृत व रिक्त पदों का जिलेवार विवरण-(स्थिति दिनांक 15.9.2005)

क्र. सं.	नाम जिला/संस्था	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे हुये पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या
(अ) आयुर्वेद विभागान्तर्गत				
1.	उदयपुर	217	191	26
2.	राजसमन्द	114	78	36
3.	बांसवाडा	138	130	08
4.	डूंगरपुर	151	149	02
5.	चित्तौड़गढ़	153	108	45
	योग	**773**	**656**	**117**
(ब) आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर के अधीन				
1.	आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर	11	10	01
2.	आयुर्वेद अनुसंधान केन्द्र, उदयपुर	11	06	05
3.	"अ" श्रेणी आयुर्वेद चिकित्सालय, उदयपुर	21	17	04
	योग	**43**	**33**	**10**

ब्यावर नगर परिषद में भू-नियमन सम्बन्धी लम्बित प्रकरण

12. श्री देवीशंकर भूतड़ा (ब्यावर) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) नगर परिषद्, ब्यावर में माह अगस्त, 2005 तक मानचित्र, पट्टे एवं भू-नियमन के कितने प्रकरण किन कारणों से लम्बित हैं? कारण सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त प्रकरणों के निस्तारण में हुई देरी के लिए कौन जिम्मेदार है? क्या सरकार दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का विचार रखती हैं? यदि हां, तो क्या? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) नगर परिषद्, ब्यावर में माह अगस्त, 2005 तक मानचित्र, पट्टे एवं नियमन के लम्बित प्रकरणों की सूची लम्बित रहने के कारण स्पष्ट करते हुए "ध्वज-अ" पर संलग्न है। मानचित्र के कुल 396, पट्टे व नियमन के 219 प्रकरण अगस्त, 2005 तक लम्बित थे।

(2) इन प्रकरणों के निस्तारण में हुए विलम्ब के लिये उप नगर नियोजक, अजमेर, तहसीलदार ब्यावर, जिनके द्वारा प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही समय पर नहीं की गई के साथ-साथ नगर परिषद् ब्यावर के तत्कालीन समापति, कनिष्ठ अभियन्ता व अन्य दोषी रहे हैं। इनमें से तत्कालीन सभापति श्री प्रमोद सांखला को विभागीय आदेश दिनांक 22.7.2004 के द्वारा निलम्बित किया गया था तथा प्रकरण वर्तमान में न्यायिक जांच हेतु विचाराधीन है। अन्य दोषियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शीघ्र उत्तरदायित्व निर्धारित कर, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

(सूची विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखी गयी)

मालपुरा विधान सभा क्षेत्र के राजस्व ग्रामों का विद्युतीकरण

13. श्री जीतराम (मालपुरा) : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2004-05 के अन्त तक राज्य के कितने राजस्व गांवों को विद्युतीकृत किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया? अब तक कितने राजस्व गांवों को विद्युतीकृत कर दिया गया है एवं कितने शेष हैं?

(2) विधान सभा क्षेत्र मालपुरा के कितने राजस्व गांवों को इस वित्तीय वर्ष में विद्युतीकृत किये जाने का लक्ष्य है? अब तक कितने गांवों को विद्युत से जोड़ा जा चुका है एवं कितने शेष हैं?

(3) विधान सभा क्षेत्र मालपुरा के शेष रहे राजस्व गांवों को कब तक पूर्णतया विद्युतीकृत कर दिया जावेगा?

उत्तर

(1) वित्तीय वर्ष 2004-05 हेतु राज्य मे 209 ग्रामों को विद्युतीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित था।

वर्ष 2001 की जनगणनानुसार राज्य के कुल 41353 ग्राम हैं। इनमें से 38719 ग्राम माह मार्च, 2005 तक विद्युतीकृत हैं तथा 2634 ग्राम विद्युतीकरण हेतु शेष है। राज्य सरकार ने हाल ही में राज्य के 4160 ऐसे विद्युतीकृत घोषित ग्राम, जिनमें एक भी कनेक्शन विद्यमान नहीं है, को अविद्युतीकृत घोषित किया है। इनको मिलाकर अब 2001 की जनगणनानुसार कुल 6794 ग्राम विद्युतीकरण हेतु शेष हैं।

(2) इस वर्ष टौंक जिले में 17 ग्रामों के विद्युतीकरण का लक्ष्य है। विद्युतीकरण के लक्ष्य जिलेवार ही निर्धारित किये जाते हैं।

वर्ष 2001 की जनगणना अनुसार विधान सभा क्षेत्र मालपुरा के 130 ग्रामों में से 114 ग्राम विद्युतीकृत हैं एवं 16 ग्राम विद्युतीकरण हेतु शेष हैं।

(3) शेष रहे ग्रामों को वर्ष 2007 तक विद्युतीकृत करने का लक्ष्य है।

विधायक अनुशंसा पर सड़क निर्माण

14. श्री बहादुर सिंह गोदारा (नोहर) : क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार पंचायत मुख्यालयों को सड़कों द्वारा तहसील मुख्यालयों, न्यायालयों, मण्डियों से जोड़ने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(2) क्या सरकार विधायकों की अभिशंसा पर उनके क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कितने किलोमीटर व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या सरकार सड़कों के छोटे-छोटे गैप जिनको जोड़ने से आरपार की सड़कें बन जाती हैं, के जोड़ने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(4) क्या सरकार रावतसर, नोहर भादरा विधान सभा क्षेत्रों से गुजरने वाली रावतसर-हिसार रोड को ग्रेफ से लेने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(5) क्या सरकार चूरू से नोहर सड़क को चौड़ा करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी नहीं। पंचायत मुख्यालयों को तहसील मुख्यालयों, न्यायालयों, मण्डियों के आपस में सड़क से जोड़ने का कार्य राज्य के उपलब्ध संसाधनों एवं प्राथमिकता पर निर्भर है।

(सार्वजनिक निर्माण मंत्री)

(2) जी नहीं। सड़कों के नये निर्माण राज्य के उपलब्ध संसाधनों एवं प्राथमिकता पर निर्भर है। संसाधन उपलब्ध होने पर विधायकों की अभिशंसा पर भी विचार किया जायेगा।

(3) जी नहीं। सड़कों के छोटे-छोटे गेपों को जोड़ने का कार्य राज्य के उपलब्ध संसाधनों व प्राथमिकता पर निर्भर हैं।

(4) जी नहीं। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से इस सड़क को सेना के वाहनों के उपयोग में लेने के लिए ग्रेफ की मांग के अनुसार स्थानान्तरित किया गया है। अत: इसकी देखभाल/मरम्मत ग्रेफ द्वारा की जानी है।

(5) इस सड़क को चौड़ा करना राज्य सरकार के वित्तीय संसाधनों एवं पारस्परिक प्राथमिकता पर निर्भर करेगा।

सहाड़ा विधान सभा क्षेत्र में राजस्व अभियानों में भू-नियमन

15. श्री कैलाश त्रिवेदी (सहाड़ा) : क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विधान सभा क्षेत्र सहाड़ा में राजस्व रिकार्ड P-14 के अनुसार अभियानों में नियमन की श्रेणी में आने वाली भूमि व कुए. आवास किस-किस पंचायत में किन किन व्यक्तियों को नियमन किये गये? सूची मय विवरण के सदन की मेज पर रखें।

(2) पी-14 के अभिलेख में ऐसे कितने काश्तकार हैं जिनकी भूमि नियमन योग्य होने के बावजूद भी नियमित नहीं की गई? ऐसे कितने काश्तकार नियमन से वंचित रहे? क्या सरकार इन काश्तकारों की भूमि भी नियमित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) विधान सभा क्षेत्र सहाड़ा की तहसील सहाड़ा में 65 व्यक्तियों को कृषि प्रयोजनार्थ 19 व्यक्तियों के कुएं तथा आवास का एक प्रकरण नियमन योग्य होने से नियमन किए गए। सूची संलग्न है। (परिशिष्ट "अ") एवं तहसील रायपुर में 14 व्यक्तियों को कृषि प्रयोजनार्थ 33 व्यक्तियों के कुएं नियमन योग्य होने से नियमन किए गए। सूची संलग्न है। (परिशिष्ट "ब")

(2) ऐसा कोई काश्तकार नहीं है, जिनकी भूमि नियमन योग्य होने के बावजूद भी नियमित नहीं की गयी।

परिशिष्ट अ

भूमि नियमन सम्बन्धी सूचना तहसील सहाड़ा मुकाम गंगापुर

नान्दशा

क्र. सं.	नाम ग्राम पंचायत	नाम खातेदार	नाम ग्राम	आ. न.	रकबा
1	2	3	4	5	6
1.	नान्दशा	माग/रामा पि. जग्ग बलाई	नान्दशा	2990	0.54 है.
2.	"	मियाचन्द, देवीलाल पि. गिरधारी गाडरी	"	2991 90	0.24 है.
		आमली			
1.	आमली	शिवशम्भू पि. पन्ना	आमली	783	0.26 है.
2.	"	जीत पि. पन्नासरगरा	"	783	0.26 है.
3.	"	भैरूलाल पि. केशकुम्हार	"	2628	0.10 है.
4.	"	संग्रामसिंह पि. शंकरसिंह	"	1693	0.21 है.
		सूरावास			
1.	सूरावास	उदा पि. कगरधारी रैगर	सूरावास	617	0.28 है.
2.	"	छोगा पि. रता कुम्हार	"	623	0.10 है.
3.	"	मदन पि. मागू चमार	मण्डपिया	431 432	0.10 है.
4.	"	भंवरगिरि पि. तुलसीगिर	सूरावास	1804 1805	0.64 है. 0.34 है.
5.	"	रामप्रसाद पि. बालराम	"	623	0.09 है.
6.	"	नारायण पि. रामलाल	"	617	0.21 है.
7.	"	नन्दा पि. नारू भील	"	153	0.13 है.
8.	"	श्यामसिंह पि. शोभागसिंह	"	623	0.40 है.

1	2	3	4	5	6
		गणेशपुरा			
1.	गणेशपुरा	रामलाल पि देवाकालबेलिया	लख मणियास	897/ 1923	0.25 हैं.
2		हेमा पि. हरलाल "	श्रीरामनगर	913	0.20 हैं.
3.		सोहनलाल पि. देवा "	लख मणियास	897/ 1923	0.20 हैं.
4.		जान पि. रंगलाल "		"	0.20 हैं.
5.		भूरा पि. भूरा खटीक	श्रीरामनगर	923 924	0.59 हैं.
		चीडखेड़			
1.	चीडखेड़ा	रामलाल चिमनालाल पि. भैरू भील अड़सीपुरा	अड़सीपुरा	2213 2219	0.27 हैं. 0.16 हैं.
2.	"	पीपि, पीलदानि बोरियापुरा	"	2220	0.42 हैं.
3.	"	रतन पि. भैरू गूजर		4	1.24 हैं.
4.	"	बरदा पि. किसनी गाडरी	"	2287 2292	0.31 हैं. 0.15 हैं.
5.	"	रामलाल पि. भैरू भील	"	2059	0.15 हैं.
6.	"	मांगीलाल पि. रामलाल जाट	"	714	0.12 हैं.
7.	"	नारायण पि. उदा गाडरी	"	2220	0.68 हैं.
8.	"	सोहनलाल पि. मांगू गाडरी	"	1881/ 3935	0.26 हैं.
		भूणास			
1.	भूणास	कैलाशचन्द पि. नन्दा कुम्हार	भूणास	1126	0.60 हैं.
2.	"	हीरालाल पि. कालू गाडरी रामदेवनगर	भूणास	2138	0.15 हैं.
3.	"	मोहन पि. कालू गाडरी	"	2138	0.45 हैं.

1	2	3	4	5	6
4.	"	मांगीलाल पि. कजोड़ ब्रा.	मेघरास	1263 1265/ 1343	0.25 है. 0.25 है.
5.	"	डालचन्द पि. नन्दा कुम्हार	भूणास	1220	0.35 है.
6.	"	भूरा पि. उदा सुथार	"	1124/ 3143	0.13 है.
7.	"	भंवरकंवर बेवा पुष्पेन्द्र सिंह	"	1334	0.23 है.
		नेगडियाखेड़ा			
1.	नेगडिया खेड़ा	किशन गोकुल पि. नारू, बेणा पि. रता भील	अर्जुनपुरा	97 98 112	0.27 है. 0.22 है. 0.52 है.
2.	"	हरलाल पिता उदा सुथार	"	63/ 416	0.13 है.
3.	"	डालू पि. श्रीकिशन सुथार	"	62/ 415	0.15 है.
4.	"	शम्भू पि. सोहन सुथार	"	60/413	0.17 है.
5.	"	रामचन्द्र पि. श्रीकिशन	"	62/415	0.15 है.
6.	"	नारायण, छगन पि. बिहारी सुथार	"	61/414	0.14 है.
7.	"	भंवरलाल, देवीलाल, माधो पि. हीरा सुथार	"	60/413	0.18 है.
8.	"	भंवर पि. पेमा बन्जारा	फूकिया	1032	0.43 है.
9.	"	शम्भू पि. पेमा	"	1029	0.35 है.
10.	"	श्रीमती कमला पत्नि भंवर भारती	"	1032	0.43 है.
11.	"	पेमा पि. गंगाराम	"	1031	0.43 है.
12.	"	जीतू पि. जोधा भील	"	1032	0.43 है.

1	2	3	4	5	6
13.	"	अम्बालाल पि. माग नायक	"	1032	0.22 है.
14.	"	श्रीमती पुष्पाप ति भैरू	"	1032	0.22 है.
15.	"	श्रीमती लक्ष्मीपत्नि रत्न नायक	"	1032	0.22 है.
16.	"	श्री नानूदास पि. बालूदास	"	1032	0.20 है.
		शिवरति			
1.	शिवरति	श्री रामचन्द्र, सत्यनारायण लादूलाल, कन्हैयालाल पि बंशीलाल, श्रीमति सन्तोष पत्नि भीमराज नायक	कालाढ़ढा	655	0.45 है.
2.	"	रामलाल पि. काल गाडरी	"	981	0.20 है.
3.	"	शंकरलाल, धन्ना, भोजराज पि. घीसू गुर्जर	"	147	0.34 है.
4.	"	रतनसिंह पि. बाघसिंह	"	668	0.20 है.
5.	"	रतनसिंह पि. रेवतसिंह	"	669	0.47 है.
6.	"	नाहरसिंह, चावडसिंह पि. मोतीसिंह	"	1130 1132 1133	0.43 है. 0.43 है. 0.40 है.
7.	"	रतन पि. केला गाडरी	शिवरति	1167	0.43 है.
8.	"	नारायण पि. देवा	"	339	0.60 है.
9.	"	चादी पत्नि देवा गाडरी	"	339	0.60 है.
10.	"	मदनलाल पि. मौहन बैरवा	"	2150	0.58 है.
11.	"	नेहरू पि. भूरा गाडरी	"	587	0.43 है.
12.	"	खूमा पि. मोती भील, प्यार पत्नि खमा भील	"	587	0.43 है.
13.	"	श्रीमती नन्दू पत्नि भैरू	"	587	0.43 है.

1	2	3	4	5	6
14.	"	श्रीमती हंजा पि. भूरा गाडरी	"	587	0.43
15.	"	श्री जगरूपनाथ पि. उदय नाथ शिवरति	"	806/ 2826	0.35

आवासीय नियमन तहसील सहाड़ा मुकाम गंगापुर जिला भीलवाड़ा

क्र. सं.	नाम ग्राम पंचायत	नाम खातेदार	नाम ग्राम	आ. न.	रकबा
1.	सातलियास	श्री लहरूलाल पिता हेमराज शर्मा निवासी सातलियास	सातलियास	1059 /1	0.08

तहसीलदार सहाड़ा
मुकाम गंगापुर

गैर मुश्तकिल अ.चा. नियमन तहसील सहाड़ा मुकाम गंगापुर जिला भीलवाड़ा

क्र. सं.	नाम ग्राम पंचायत	नाम आबंटी	नाम ग्राम	आ.न.	रकबा	गे.मु.आ.
1	2	3	4	5	6	7
1.	उल्लाई	देवीलाल पि. रामा, डालू पि. रामा, हेमा पि. राम, बरदीचन्द, प्यारा पि चम्पालाल, शंकरलाल शान्तिलाल पि. सुखा लाल जाट	उल्लाई	1808	0.01	"
2.	"	नानालाल पि. सीताराम टेलर	"	2765	0.01	"
3.	कागणी	नानू पि. परसा चमार	गुमानपुरा	197	0.01	"

1	2	3	4	5	6	7
4.	सूरावास	भैरूलाल पि. किशना	सूरावास	23	0.01	"
5.	नान्दशा	मांगीलाल, गजानन्द पि. भैरूलाल नाई	नान्दशा	417	0.01	"
6.	गोवलिया	नानू पि. नारू, गोरधन पि. डालू, रामकिशन पि. मियाचन्द लोहार	गोवलिया	561	0.01	"
7.	खाखला	अम्बालाल पि. भैरा जाट	खाखला	3348	0.02	"
8.	"	भैरू, बद्री, पि. धन्ना, रतना पि. माधू, सोजी बेवा माधू, चन्द्री बेवा धन्ना जाट	खाखला	3348	0.01	"
9.	उम्मेदपुरा	कस्तूर, पन्नालाल पि. सूरजमल/ 1/3, के सुखलाल पि. गोकल 1/3, लालूराम गोपाल पि. नानूराम कुमावत	उम्मेदपुरा	1315	0.01	"
10.	"	बरदा पि. परत पि. गोपी पि. भीमा, हरलाल पि. नन्दा कुमावत	"	1313	0.01	"
11.	डेलाणा	भेरी बेबा मोहन, नानूराम पि. किशना, ऊकार, गंगाराम पि. डालू बाडरी	कालीमगरी काखेड़ा	618	0.01	"

1	2	3	4	5	6	7
12.	"	धन्ना पि. जीतमल जाट	डेलाणा	944	0.01	-
13.	काशीथल	लहरूवास, घीसूदास पि. छोगादास बेरागीनिगलवा	कोशीथल	4587	0.01	"
14.	"	नन्दा पि. मेघाप्यारी बेवा बगतावरनायक	"	6945/ 6224	0.01	"
15.	सालेरा	भगवतीलाल पि. मांगीलाल ब्राह्मण नि. गिरड़िया	गिरड़िया	1336/ 1574	0.01	"
16.	माझावास	भैरूलाल पि. किशनलाल, रामचन्द्र पि. किशनलाल जाट नि. माझावास	माझावास	1058	0.01	ट्यूबवेल
17.	"	भैरूलाल पि. दयाराम जाट माझावास	"	1797	0.01	"
18.	सातलियास	रामेश्वरलाल पि. गणेश ब्राह्मण	सातलियास	881	0.5	गं.मु.आ.
19.	चीडखेड़ा	मांगीलाल पि. किशना जाट अड़सीपुरा	अड़सीपुरा	2720/ 1729	0.02	"

तहसीलदार सहाड़ा
मुकाम गंगापुर

परिशिष्ट "ब"

कार्यालय तहसीलदार, रायपुर जिला भीलवाड़ा

कृषि प्रयोजनार्थ भूमि नियमन सूची तहसील क्षेत्र रायपुर

क्र. सं.	नाम व्यक्ति	निवासी/पता	नाम पंचायत	नाम ग्राम	आ. नं.	रकबा (हैक्टेयर में)
1	2	3	4	5	6	
1.	कुन्दनसिंह पिता पदमसिंह राजपूत	लड़की	पीथाकाखेड़ा	ढिकाणी	1	1.30
2.	डालूनाथ पिता भुवानानाथ	जीति	"	लड़की	757	1.08
3.	नेनू पिता देवा बलाई	पीथाखेड़ा	"	पीथाखेड़ा	153	0.33
4.	श्रीमति दरू पत्नि भैरू लुहार	लगाखेड़ा	सगरेब	सगरेब	4322 4323	0.74 0.43
5.	[illegible] पिता भोलीदास साधु	राणास	आशाहोली	राणास	431	0.30
6.	[illegible] पिता कजोड़ कुम्हार	मौखमपुरा	थलां	मौखमपुरा	10	0.27
7.	सुवालाल पिता गणेश खटीक	गाडरीखेड़ा	"	गाडरीखेड़ा	672/274	0.41

1	2	3	4	5	6	7
8.	मांगीलाल पिता नोला लखारा	थलां	"	थलां	1547	0.06
9.	भगवान पिता डालचन्द कुमावत	थलां	"	"	1311/1मि	0.86
10.	लहरू पिता नीला कुमावत	खूटियाखेड़ा	नाराणखेड़ा	खूटियाखेड़ा	388 298	0.54 9.21
11.	भूरा पिता गंगाराम कुमावत	खूटियाखेड़ा	"	"	189	0.88
12.	भंवर पिता पोखर कुमावत	"	"	"	390	0.45
13.	भूरा पिता गंगाराम बलाई	चारोट	खेमाणा	चारोट	370	1.30
14.	केसू पिता मोडा जाट	आंबाखेड़ा	नारायणखेड़ा	आंबाखेड़ा	700	1.50

तहसीलदार रायपुर
जिला भीलवाडा

कार्यालय तहसीलदार, रायपुर जिला भीलवाड़ा

कुआ नियमन सूची तहसील क्षेत्र रायपुर

क्र. सं.	नाम व्यक्ति	निवासी/पता	नाम पंचायत	नाम ग्राम	आ. नं.	रकबा (हैक्टेयर में)
1	2	3	4	5	6	7
1.	लेहरू पिता डालू वगैरह कुमावत	रूपाखेड़ा	भींटा	रूपाखेड़ा	941	0.03
2.	रेवत, मोहन, दोला पिता हेमा कुमावत वगैरह	"	"	"	941	0.03
3.	रामचन्द्र पिता रूपा सुथार नि. बाबलास	बाबलास तह. माण्डल	बोरियापुरा	रेवाड़ा	369	0.03
4.	रामचन्द्र/कालू जाट वगैरह	बोरियापुरा	"	बोरियापुरा	1	0.03
5.	श्यामलाल-मोहनलाल पिता गिरधारी ब्राह्मण	रेवाड़ा	"	रेवाड़ा	31	0.01
[illegible]	भंवर लाल पिता गोपी जाट वगैरह	बोरियापुरा	"	बोरियापुरा	836/1	0.01
7.	रेतब पिता रायमल गुजर	वाडियाखुर्द	नान्दशा	वाडियाखुर्द	796	0.02
8.	पन्ना, लोभा, पोखर पिता प्रताप वगैरह	"	"	"	428	0.02

1	2	3	4	5	6	7
9.	नारायण पिता हुक्मा वगैरह	परबती	"	परबती	299	0.01
10.	राजेशकुमार पिता ओमप्रकाश ब्राह्मण वगैरह	"	"	"	136	0.02
11.	बालू पिता हरू वगैरह	दियास	"	दियास	313	0.03
12.	मांगीलाल पिता लक्ष्मीलाल शर्मा	नान्दशा	"	नान्दशा	2866	0.02
13.	करणीदान पिता गोपालदान चारण	छातोल	कोट	छातोल	7	0.05
14.	मदनसिंह, अर्जुनसिंह पिता शम्भूसिंह वगैरह	देवरिया	देवरिया	देवरिया	499	0.05
15.	श्रीमती देऊ, कमला पत्नि भैरू लुहार	नयाखेड़ा	सगरेब	सगरेब	4324	0.03
16.	नगजीराम पिता हजारी गुर्जर	थोरियाखेड़ा	भींटा	थोरियाखेड़ा	441	0.02
17.	भैरू पिता छोगा सुथार वगैरह	नाबरिया	कोट	छातोल	102	0.03
18.	नन्दा पिता छोगा कलाल वगैरह	आसपुर	नाथडियास	आसपुर	262	0.03
19.	नारू पिता मांगू गाडरी	"	"	"	218	0.03
20.	मूला पिता लालू गाडरी वगैरह	आशाहोली	आशाहोली	आशाहोली	236	0.03
21.	सुख लाल पिता ज्वारमल जाट	आम्बाखेड़ा	नारायणखेड़ा	आम्बाखोड़ा	621	0.0[illegible]

1	2	3	4	5	6	7
22.	बंशीलाल जगदीशचन्द्र, शांतिलाल पिता भैरूलाल ब्राह्मण	पनोतिया	नाथड्यिास	पनोतिया	784	0.03
23.	मांगू पिता जवारा जाट	दुल्हेपुरा	नाहरी	नाहरी	2761	0.03
24.	रामलाल पिता डालू कुमावत	सुरास	बागोलिया	सुरास	769	0.02
25.	देवा पिता जोधा कुमायत	बागोलिया	"	बागोलिया	1748	0.01
26.	जयराम, भगवान, दीपचन्द पिता किशना तेली	देवरिया	देवरिया	देवरिया	1760	0.01
27.	मांगीलाल, पन्नालाल, राजूलाल, सोहनलाल पिता हीरा गुजर	गोविन्दपुरा	गलवा	लाटियाखेडी	327	0.03
28.	रामेश्वरलाल पिता नारायण ब्राह्मण	आसपुर	नाथड़ियास	आसपुर	857	0.03
29.	भैरू पिता रूपा कुमावत वगैरह	बागोलिया	बागोलिया	अर्जुनगढ़	300	0.03
30.	पन्ना पिता खेमा बलाई वगैरह	झडोल	झडोल	झडोल	1363	0.03
31.	सोहनलाल, लेहरूलाल, मांगीलाल भंवरलाल गाडरी	रायपुर	रायपुर	रायपुर	711	0.03
32.	आसु पिता लेहरू वगैरह जाट	मेरनियाखेड़ा	कोट	मेरनियाखेड़ा	104	0.03
33.	[illegible]लू पिता द्दा गुजर	बागड़काखेड़ा	बागड़	बागड़	303	0.03

तहसीलदार रायपुर

तारानगर (चूरू) नगरपालिका क्षेत्र में चयनित बी.पी.एल. परिवार

16. **डा. चन्द्रशेखर बैद** (तारानगर) : क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर (तहसील तारानगर, जिला चूरू) में बी.पी.एल. सर्वे का कार्य पूर्ण कर नये सर्वे की सूची प्रकाशित कर दी गई है? यदि हां, तो तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में कितने नये बी.पी.एल. परिवारों को सूची में शामिल किया गया तथा कितने परिवारों को पूर्व सूची से हटाया गया?

(2) क्या बी.पी.एल. सूची में जोड़े गये नये परिवारों को बी.पी.एल. की सुविधाओं का लाभ देना प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि हां, तो कब से व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। नगरपालिका क्षेत्र तारानगर की बी.पी.एल. सर्वे 2003 का कार्य पूर्ण कर, सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। इस पालिका क्षेत्र में वर्ष 2003 में हुए बी.पी.एल. सर्वे में 2457 बी.पी.एल. परिवार सूची में शामिल किये गये हैं। इनमें से 986 परिवार वर्ष 1998 में चयनित सूची के एवं 1471 परिवार नए शामिल हुए हैं तथा वर्ष 1998 में चयनित 417 परिवारों के नाम इस 2003 की बी.पी.एल. सूची से हटाये गये हैं।

(2) जी हां। बी.पी.एल. सूची में चयनित परिवारों के 1071 राशन कार्ड व 168 मेडिकल कार्ड जारी किये जा चुके हैं तथा दिनांक 1.4.2005 से गरीबी उन्मूलन की सभी योजनाओं में इन चयनित परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है।

राज्य में जहरीली/अवैध शराब की रोकथाम हेतु कार्य-योजना

17. **श्री प्रमोद जैन "भाया"** (बारां) : क्या आबकारी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) राज्य में दिनांक 1 जनवरी, 2004 से 31 अगस्त, 2005 तक जहरीली व अवैध शराब से किस-किस स्थान पर कितने-कितने लोगों की मृत्यु हुई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) जहरीली एवं अवैध शराब से हुई दुखान्तिकाओं एवं शराब के अवैध कारोबार को रोक पाने में असक्षम रहे अधिकारियों के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा जहरीली व अवैध शराब से होने वाली दुखान्तिकाओं को रोकने हेतु क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

[illegible] में दिनांक 1.1.2004 से 31.8.2005 तक जहरीली व अवैध शराब पान से जिन स्थानों पर व्यक्तियों की मृत्यु हुई, उनका विवरण परिशिष्ट "क" पर उपलब्ध है।

(2) दिनांक 1.1.2004 से 31.8.2005 तक जहरीली एवं अवैध शराब से हुई दुखान्तिकाओं एवं शराब के अवैध कारोबार के लिए उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण परिशिष्ट "ख" पर उपलब्ध है।

(3) शराब दुखान्तिकाओं को रोकने हेतु आबकारी विभाग के आबकारी एवं आबकारी निरोधक दल के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सावधान कर तुरन्त अवैध शराब की बिक्री करने वालों की धरपकड़ करने व रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने एवं दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये। राज्य में तत्काल ही आबकारी एवं पुलिस विभाग के द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय इत्यादि में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध धरपकड़ हेतु विशेष आबकारी धावे आयोजित किये गये और नाकाबन्दी, चैकिंग एवं गश्त बढ़ा दी गई।

परिशिष्ट "क"

क्र. सं.	आबकारी जिला	दिनांक	मृतकों की संख्या
1.	गांव कवलियावास जिला भीलवाड़ा	6.5.2004	7
2.	वृत्त भिवाड़ी जिला अलवर	8.9.2004	17
3.	सांगानेर जिला जयपुर	21.1.2005	3
4.	भंवरगढ़ एवं खेडलीगंज, जिला बारां	1.4.2005	4
5.	इन्द्रा कालोनी, जलमहल जयपुर	27.4.2005	1
6.	कोलायत, नोखा बीकानेर	23.7.2005	28
7.	गांव लिखमीसर, जिला चूरू	24.7.2005	[illegible]
8.	गांव उज्जलवास, जिला हनुमानगढ़	25.7.2005	[illegible]
9.	नागौर	3.8.200[illegible]	[illegible]
10.	अलवर	30.8.2005	2

परिशिष्ट "ख"

दिनांक 1.1.2004 से 31.8.2005 तक की अवधि में जहरीली एवं अवैध शराब से हुई दुखान्तिकाओं के लिए विभाग के उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी, जिनके विरूद्ध की गई कार्यवाही का विवरण

1. दिनांक 6.5.2004 को ग्राम कंवलियास जिला भीलवाड़ा में हुई शराब दु:खान्तिका के सम्बन्ध में सम्भागी आयुक्त, अजमेर द्वारा जांच की गई, जिसकी तथ्यात्मक टिप्पणी राज्य सरकार को प्रेषित की गई। सम्बन्धित श्री हरनाथ सिंह तथा श्री त्रिलोकी पालीवाल, प्रहराधिकारी के विरूद्ध राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही हैं।

2. दिनांक 8.9.2004 को अलवर जिले के भिवाड़ी ग्राम में हुई शराब दु:खान्तिका के सम्बन्ध में श्री रामचन्द्र जोशी, आबकारी निरीक्षक के विरूद्ध राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही चल रही हैं।

3. दिनांक 21.1.2005 को सांगानेर जिला जयपुर में हुई शराब दु:खान्तिका के लिए जिम्मेदार श्री के. के. तिवाड़ी, आबकारी निरीक्षक एवं श्री सत्यप्रकाश शर्मा, प्रहराधिकारी, आबकारी निरोधक दल के विरूद्ध राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत विभागीय जांच विचाराधीन हैं एवं सम्बन्धित को आरोप-पत्र एवं आरोप विवरण-पत्र जारी किये गये हैं।

4. दिनांक 21.7.2005 को बीकानेर में हुई शराब दुखान्तिका के लिए जिम्मेदार श्री हजियाराम राठौड़, आबकारी निरीक्षक एवं श्री भंवर सिंह, प्रहराधिकारी, आबकारी निरोधक दल के विरूद्ध राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अन्तर्गत निलम्बित किया जाकर विभागीय जांच विचाराधीन हैं।

5. श्री हिरेन्द्र सिंह चौधरी, जिला आबकारी अधिकारी, बीकानेर को वित्त विभाग के आदेश दिनांक 26.7.2005 द्वारा आदेशों की प्रतीक्षा में रखा गया है एवं उप पुलिस अधीक्षक, आबकारी निरोधक दल को भी आदेशों की प्रतीक्षा में रखा गया है।

सीकर जिले के उप-खण्डों का पुनर्सीमांकन

18. श्री केसरदेव बाबर (लक्ष्मणगढ़, सीकर) : क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) विभाग में उपखण्ड सृजित करने के क्या मानदण्ड है एवं क्या सरकार द्वारा इस हेतु कोई नियम एवं प्रक्रिया निर्धारित की गई है? यदि हां, तो सम्बन्धित नियमों/परिपत्रों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) जिला सीकर में कितने उप-खण्ड हैं एवं उनके अधीन कौन-कौनसा क्षेत्र है? सूची सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि जिला सीकर के उप-खण्ड लक्ष्मणगढ़ के अधीन मात्र एक ही नगरपालिका क्षेत्र समाहित है? यदि हां, तो क्यों एवं क्या सरकार सभी उप-खण्डों के अधीन बराबर क्षेत्र रखने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

(4) क्या सरकार तहसीलवार अथवा विधान सभा क्षेत्रवार अथवा जनसंख्या के आधार पर विभागीय उप-खण्डों को पुनर्सीमांकित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) राज्य सरकार द्वारा उपखण्ड सृजित करने के लिए कोई अलग से मानदण्ड अथवा नियम नहीं बना रखें है। उपखण्डों का सृजन खण्डीय कार्यालय के साथ किया जाता है।

राज्य सरकार द्वारा खण्डीय कार्यालय के सृजित करने के लिए प्रक्रिया निर्धारित कर रखी है।

(2) जिला सीकर में 13 उपखण्ड कार्यालय कार्यरत हैं। इनमें से 10 उपखण्ड कार्यालय नियमित कार्य सम्पादित करते हैं एवं एक उपखण्ड राष्ट्रीय उच्च मार्ग के कार्यों को देखता है एवं दो उपखण्ड कार्यालय गुण एवं नियन्त्रण के कार्यों को देखते हैं। सीकर जिले में कार्यरत उपखण्ड कार्यालय की सूची एवं उनके कार्य विभाजन परिशिष्ट "अ" पर उपलब्ध है।

(3) जी हां। उपखण्ड लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़ का कार्य देखता है तथा लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति में लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका का क्षेत्र आता है।

(सार्वजनिक निर्माण मंत्री)

जी नहीं। उपखण्ड के कार्य का विभाजन कार्यभार (वर्क लोड) आधार पर किया जाता है।

(4) जी नहीं। उपखण्ड के कार्य का विभाजन वर्कलोड के आधार पर किया जाता है।

परिशिष्ट "अ"

क्र. सं.	उपखण्ड का नाम	अधीनस्थ क्षेत्र का नाम
1.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड द्वितीय, सीकर	पंचायत समिति, पीपराली
2.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, लक्ष्मणगढ़	पंचायत समिति, लक्ष्मणगढ़
3.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, फतेहपुर	पंचायत समिति, फतेहपुर
4.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, धोद	पंचायत समिति, धोद
5.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, प्रथम सीकर	नगर परिषद् सीमा, सीकर
6.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, दांतारामगढ़	पंचायत समिति, दांतारामगढ़
7.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, नीमकाथाना	पंचायत समिति, नीमकाथाना
8.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, अजीतगढ़	पंचायत समिति, श्रीमाधोपुर
9.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, खण्डेला	पंचायत समिति, खण्डेला
10.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, श्रीमाधोपुर	पंचायत समिति, श्रीमाधोपुर
11.	सार्वजनिक निर्माण विभाग गुण नियन्त्रण उपखण्ड, सीकर	पंचायत समिति, पीपराली, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, धोद, सीकर एवं दांतारामगढ़
12.	सार्वजनिक निर्माण विभाग उपखण्ड, गुण नियन्त्रण उपखण्ड, नीमकाथाना	पंचायम समिति, नीमकाथाना, श्रीमाधोपुर एवं पंचायत समिति खण्डेला
13.	राष्ट्रीय उच्च मार्ग उपखण्ड, सीकर	राष्ट्रीय उच्च मार्ग का कार्य देखते हैं।

जयपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निजीकरण

19. श्री नवरतन राजोरिया (फुलेरा), श्री वीरेन्द्र बेनीवाल (लूणकरणसर) एवं श्री बृजकिशोर शर्मा (जयपुर ग्रामीण) : क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि जयपुर नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था निजी कम्पनियों को दी गई है? यदि हां, तो किस-किस क्षेत्र में किन-किन को व कब से किन-किन शर्तों पर? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त निजी सफाई कम्पनियों ने टेण्डर में वर्णित कार्यक्षेत्र (वार्ड) में निर्धारित समयावधि में कार्य प्रारम्भ कर दिया? यदि नहीं. तो क्यों?

(3) क्या यह सही है कि निगम द्वारा सफाई के लिए निजी कम्पनियों को दिये गये वार्डों में से कुछ वार्ड वापिस ले लिये गये हैं? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) निजी कम्पनियों द्वारा कार्य प्रारम्भ करने के बाद क्या निजी कम्पनी के कार्यक्षेत्र में निगम द्वारा भी अपने साधनों द्वारा सफाई व्यवस्था यथा; कचरा परिवहन व सीवर लाइन का कार्य अपने साधनों से कराया गया है? यदि हां, तो किस-किस वार्ड में कब-कब? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(5) क्या यह सही है कि सरकार को निजी कम्पनियों के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो प्राप्त शिकायतों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई? प्राप्त शिकायतों सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जी हां। नगर निगम जयपुर द्वारा जिन क्षेत्रों/जोनों में शहर की सफाई व्यवस्था निजी कम्पनियों को दी गई है, उन जोनों/क्षेत्रों के नाम, कम्पनी/ऐजेन्सी के नाम तथा कार्य प्रारम्भ की तिथि निम्नानुसार है, एवं कार्य की शर्ते परिशिष्ट "ए" पर संलग्न है :-

(स्वायत्त शासन राज्य मंत्री)

जोन/क्षेत्र का नाम	कम्पनी/ऐजेन्सी का नाम	कार्य प्रारम्भ दिनांक व क्षेत्र (वार्ड)
हवामहल जोन (पूर्व) (रोड स्वीपिंग व छोटी नालियों की सफाई को छोड़कर अन्य सफाई सम्बन्धी सभी कार्य)	मै. ग्लोबल वेस्ट मैनेजमेन्ट सैल, मुम्बई	15.8.2005 से वार्ड सं. 44, 45, 46, 47, 48 व 49 21.8.2005 से वार्ड सं. 50, 51, 52, 55, 56, 57 इस प्रकार कुल 12 वार्ड
हवामहल जोन (पश्चिम) (रोड स्वीपिंग व छोटी नालियों की सफाई को छोड़कर अन्य सफाई सम्बन्धी सभी कार्य)	मै. के.के. कैरियर मुम्बई	18.7.2005 से वार्ड सं. 39, 40, 41, 42, 43, 53, 54, 58, 59, 60 व 61 में।
मोतीडूंगरी जोन (रोड स्वीपिंग व छोटी नालियों की सफाई को छोड़कर अन्य सफाई सम्बन्धी सभी कार्य)	मै. एक्मे एन्टरप्राइजेज, जयपुर	1.7.2005 से वार्ड सं. 18 व 26 7.7.2005 से वार्ड सं. 31, 32, 33, 34 व 35 18.8.2005 से वार्ड सं. 27 व 30 28.8.2005 से वार्ड सं. 28 व 29
प्रताप नगर (सांगानेर जोन) (रोड स्वीपिंग व छोटी नालियों की सफाई को छोड़कर अन्य सफाई सम्बन्धी सभी कार्य)	मै. प्रहरी सिक्यूरिटीज एण्ड डिटेक्टिव सर्विसेज प्रा. लि. कपूरथला, पंजाब	14.6.2005 से वार्ड सं. 22 व 23 का भाग में स्थिति हाउसिंग बोर्ड कालोनी के सैक्टर सं. 1, 3, 5, 6, 7, 8, 9, 10 व 11

(2) कार्य आरम्भ की जोनवार स्थिति निम्नानुसार है :-

जोन हवामहल पूर्व : दिनांक 1.8.2005 तक कार्य प्रारम्भ करना था परन्तु 6 वार्डों में 15.8.2005 से तथा 6 वार्डों में 21.8.2005 से कार्य प्रारम्भ किया गया। कम्पनी द्वारा बाम्बे में भारी बारिश के कारण

(स्वायत्त शासन राज्य मंत्री)

संसाधन आने में देरी के कारण समयावधि बढ़ाने हेतु निवेदन किया, जिसे उचित मानते हुए स्वीकार किया गया।

जोन हवामहल पश्चिम : दिनांक 1.8.2005 तक कार्य प्रारम्भ करना था। कम्पनी ने दिनांक 18.7.2005 से कार्य प्रारम्भ किया। इस प्रकार कोई विलम्ब नहीं हुआ।

मोती डूंगरी जोन : दिनांक 7.7.2005 तक कार्य प्रारम्भ करना था। कम्पनी ने दिनांक 7.7.2005 तक वार्ड सं. 18, 26, 31, 32, 33, 34 एवं 35 में कार्य आरम्भ कर दिया। वार्ड सं. 27 व 30 में दिनांक 18.8.2005 से तथा वार्ड 28 एवं 29 में दिनांक 28.8.2005 से कार्य आरम्भ किया। इनमें से वार्ड 18, 26 व 34 में कम्पनी द्वारा कार्य को फिलहाल स्थगित किया गया है। कुछ वार्डों में कार्य विलम्ब से प्रारम्भ करने व स्थगित करने का कारण कम्पनी के पास जोन के सभी वार्डों हेतु साधनों को निगम द्वारा पर्याप्त नहीं माना गया।

प्रताप नगर (सांगानेर जोन) : दिनांक 26.4.2005 तक कार्य आरम्भ करना था। कम्पनी द्वारा दिनांक 14.6.2005 से पूर्ण रूप से कार्य आरम्भ किया गया। कम्पनी द्वारा साधन (काम्पेक्टर) आने में विलम्ब के कारण कार्य विलम्ब से प्रारम्भ किया।

(3) जोन हवामहल (पूर्व एवं पश्चिम) तथा प्रताप नगर (सांगानेर जोन) में कम्पनियों को दिये गये वार्डों में से कोई वार्ड वापिस नहीं लिये गये अपितु मोती डूंगरी जोन में वार्ड सं. 18, 26 व 34 में निम्नांकित कारणों से कम्पनियों द्वारा कार्य को फिलहाल केवल स्थगित किया गया है :-

1. निगम सफाई कर्मियों का विरोध
2. निजी सफाई वृत्त कर्मियों (Customary Private Sweepers) का विरोध
3. कम्पनी के पास उपलब्ध साधनों का बिखराव कम कर जितने वार्डो हेतु साधन पर्याप्त माने गये, उतने ही वार्डो में काम सीमित रखने के उद्देश्य से।

(4) जोन हवामहल (पूर्व) व प्रताप नगर (सांगानेर जोन) में नगर निगम के

(स्वायत्त शासन राज्य मंत्री)

साधानों द्वारा कचरा परिवहन नहीं किया गया। मोती डूंगरी जोन में थोड़े समय के लिए आंशिक रूप से नगर निगम के साधन भेजे गये, जिनका विवरण क्रमश: परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है। नगर निगम द्वारा भेजे गये संसाधनों की राशि की नियमानुसार कटौती कम्पनियों को देय भुगतान में से की जायेगी। मोती डूंगरी, हवामहल (पूर्व) व पश्चिम जोन में कम्पनीज को अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। हवामहल जोन पश्चिम में दिनांक 18.7.2005 से 30.7.2005 तक नये ठेकेदार के पूरे साधन नहीं आने के कारण 13 दिन पुराने ठेकेदार के साधन भी लगाये गये थे। उक्त अवधि की राशि की नियमानुसार कटौती की जायेगी।

अनुबन्ध की शर्त, सैक्शन 3 के क्लाज 2.2.3 (डी.एफ.) के अनुसार जेटिंग मशीने, नगर निगम द्वारा कम्पनीज को किराये पर दी गई हैं, जिनका किराया भुगतान में से वसूल किया जायेगा।

(5) निजी कम्पनीज के विरूद्ध हवामहल जोन पूर्व में 2 शिकायतें, हवामहल जोन पश्चिम में 2 शिकायतें, मोतीडूंगरी जोन में 11 शिकायतें प्राप्त हुयी हैं तथा प्रताप नगर (सांगानेर जोन) में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुयी है। प्राप्त शिकायतें परिशिष्ट "स" पर संलग्न है। इन प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में यथा आवश्यक समय-समय पर कम्पनीज को नोटिस दिये गये हैं तथा मौखिक निर्देश भी दिये गये हैं। साथ ही अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार नियमानुसार भुगतान में से कटौती भी की जायेगी। कुछ शिकायतें, डोर-टू-डोर कलेक्शन से सम्बन्धित है, जिसमें जनता द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है तथा कचरा संग्रहणकर्ताओं को बहुत कम मकानों से कचरा दिया जा रहा है।

(शर्तें आदि विस्तृत होने के कारण पुस्तकालय में रखी गयीं)

कृषि भूमि के हस्तान्तरण पर महिला अभ्यर्थियों से पंजीयन शुल्क की वसूली

20. श्री रामचन्द्र सराधना (जमवारामगढ़) : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कृषि भूमि के हस्तान्तरण में स्टाम्प ड्यूटी को घटाकर 50 प्रतिशत किया गया था? यदि हां, तो कब व किस आदेश द्वारा? आदेश की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्तमान में कृषि भूमि हस्तान्तरण पर सामान्यजन से कितने प्रतिशत

(श्री रामचन्द्र सराधना)

स्टाम्प ड्यूटी ली जा रही है और महिलाओं से कितनी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि महिलाओं से 50 प्रतिशत से अधिक स्टाम्प ड्यूटी वसूली जा रही है यदि हां, तो किस आदेश के तहत? आदेश की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार महिलाओं से 50 प्रतिशत से अधिक ली गई स्टाम्प ड्यूटी को वापस उन महिलाओं को लौटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी हां। राजस्थान स्टाम्प विधि (अनुकूलन) अधिनियम 1952 की द्वितीय अनुसूची के आर्टिकल 23 में वर्णित कन्वेंस की दर 11 प्रतिशत को भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत अधिसूचना दिनांक 14.1.2004 द्वारा महिलाओं के पक्ष में कृषि भूमि हस्तान्तरण के दस्तावेज पर देय स्टाम्प शुल्क को 50 प्रतिशत घटाया गया था। अर्थात् उक्त आर्टिकल 23 में विद्यमान 11 प्रतिशत की दर को 50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया था। अधिसूचना दिनांक 14.1.2004 की प्रति परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

(2) वर्तमान में कृषि भूमि हस्तान्तरण पर सामान्य जन से 8 प्रतिशत एवं महिलाओं से 5.5 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी ली जा रही है।

(3) जी नहीं। महिलाओं से द्वितीय अनुसूचि के आर्टिकल 23 में वर्णित दर से 50 प्रतिशत से अधिक स्टाम्प ड्यूटी नहीं ली जा रही है।

राज्य सरकार ने अधिसूचना दिनांक 12.7.2004 (यथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 31.3.2005) के द्वारा जिन दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क 11 प्रतिशत लगता था, उसे राज. स्टाम्प अधिनियम, 1998 की धारा 9 की उपधारा (1) के तहत घटाकर 8 प्रतिशत दिनांक 31.3.2006 तक कर दिया गया है। चूंकि महिलाओं के पक्ष में कृषि भूमि हस्तान्तरण के दस्तावेजों पर 11 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क देय नहीं होता है अपितु 5.5 प्रतिशत देय होता है इसलिए अधिसूचना दिनांक 12.7.2004 (यथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 31.3.2005) इन पर लागू नहीं होती है।

(4) जी नहीं। भाग संख्या 3 में दिये गये प्रत्युत्तर के अनुसार महिलाओं के पक्ष में कृषि भूमि के निष्पादित हस्तान्तरण-पत्रों में अधिक स्टाम्प ड्यूटी नहीं ली गई है। अत: ऐसी कोई राशि लौटाने का कोई प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

परिशिष्ट "अ"

राजस्थान सरकार

वित्त (कर) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, दिनांक 14.1.2004

राजस्थान स्टाम्प विधि (अनुकूलन) अधिनियम, 1952 (1952 का राजस्थान अधिनियम संख्या 7) द्वारा राजस्थान के लिए यथानुकूलित भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या 2) की धारा-9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, इसमें इसके पश्चात् उल्लिखित लिखतों के सम्बन्ध में उक्त अधिनियम के तहत प्रभार्य शुल्कों को घटाकर निम्नानुसार करती है :-

(1) द्वितीय अनुसूची के आर्टिकल 10 के तहत कम्पनी के आर्टिकल आफ एसोसिएशन में संशोधन के दस्तावेज पर देय स्टाम्प शुल्क 0.5 प्रतिशत से घटाया जाकर अधिकतम सीमा 2 लाख के अधीन 0.2 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

(2) द्वितीय अनुसूची के आर्टिकल 23 के तहत महिलाओं के पक्ष में कृषि भूमि हस्तान्तरण के दस्तावेज पर देय स्टाम्प शुल्क 50 प्रतिशत घटाकर प्रभारित किया जायेगा।

(3) द्वितीय अनुसूची के आर्टिकल 55(बी) के तहत रिलीज डीड के अन्य मामलों पर देय स्टाम्प शुल्क 11 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जायेगा।

उक्त अधिसूचना तुरन्त प्रवृत्त होगी।

[सं. प. 2 (11) वित्त/कर/2003-110]

राज्यपाल के आदेश से,

एस. के. मित्तल

उप शासन सचिव

जोधपुर नगर सुधार न्यास में भू-रूपान्तरण के चालान योग्य लम्बित प्रकरण

21. श्रीमती सूर्यकान्ता व्यास (जोधपुर) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जोधपुर नगर सुधार न्यास द्वारा अवैध आबंटन/भू-रूपान्तरण के कितने प्रकरण पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज किये गये? इनमें से कितने प्रकरणों में जांच पूरी की जा चुकी है और कितनों में लम्बित है? सरकार द्वारा लम्बित जांच कब तक पूरी कर दी जावेगी?

(2) जिन प्रकरणों में जांच पूरी हो चुकी है उनमें से कितनों में न्यायालय में चालान पेश किये जा चुके हैं और कितने चालान किन कारणों से पेश नहीं किए गए?

(3) क्या यह सही है कि किसी प्रकरण में जांच में दोषी पाये जाने के उपरान्त भी चालान पेश नहीं हुए? यदि हां, तो ऐसे प्रकरणों की कारण सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जोधपुर नगर सुधार न्यास द्वारा अवैध आबंटन/भू-रूपान्तरण के सम्बन्ध में अनियमितता करने के आरोपों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में पिछले चार वर्षों में (वर्ष 2001 से 9/2005 तक) कुल 9 प्रकरण दर्ज किये गये। इनमें से 6 प्रकरणों में अनुसंधान पूर्ण किया जा चुका है और 3 प्रकरण अनुसंधानाधीन है। लम्बित प्रकरणों का अनुसंधान त्वरित गति पर है।

(2) किसी भी प्रकरण में चालान पेश नहीं है। कारणों का ब्यौरा परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

(3) जी हां। ब्यौरा परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है।

परिशिष्ट "अ"

जोधपुर नगर सुधार न्यास द्वारा अवैध आबंटन/भू-रूपान्तरण के पिछले चार वर्षों में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज किये गये प्रकरणों की सूची

क्र. सं.	अपराध संख्या/ दिनांक	विरूद्ध	किन कारणों से चालान पेश नहीं
1	2	3	4
1.	90/2002 20.3.2002	1. श्री पी.सी. सिंघवी, तत्कालीन सचिव, हाल सेवानिवृत्त 2. श्री सोहन लाल महेश्वरी, तत्कालीन सचिव, हाल सेवा निवृत्त, बीकानेर 3. श्री सुरेश चन्द छगाणी, लेखाकार हाल सहायक लेखाधिकारी, लिफ्ट केनाल, पीएचईडी 4. श्री रेशमा राम, क. अभियन्ता 5. श्री वासुदेव, क. लि. 6. श्री महेश व्यास, व. लि. 7. श्री दाउलाल माथुर, क. लि. 8. श्री नरेश माथुर, लिपिक, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ, नगर सुधार न्यास, जोधपुर	अन्वेषणाधीन

1	2	3	4
2.	91/2002 20.3.2002	1. श्री पी.सी. सिंघवी, तत्कालीन सचिव, हाल सेवानिवृत्त 2. श्री सोहन लाल महेश्वरी, तत्कालीन सचिव, हाल सेवा निवृत्त, 3. श्री चतुर्भुज राठी, सहायक लेखाधिकारी सेवानिवृत्त 4. श्री अशोक गिरी, क.लि. कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ 5. श्री वासुदेव, क.लि., नगर सुधार न्यास, जोधपुर 6. श्रीमती रोशन पत्नि अब्दुल रसीद निवासी सिलावटों का बास, जोधपुर (आम मुख्तारनामिक)	क्र. सं. 1, 2, 3 व श्री दाउलाल माथुर व.लि. व श्री जगदीशसिंह लाभार्थी के विरूद्ध चालान निर्णय दिनांक 8.1.2003 को लिया जा चुका है। आरोपीगण सेवानिवृत्त होने के कारण अभियोजन स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। चालान शीघ्र न्यायालय में पेश किया जायेगा।
3.	92/2002 20.3.2002	1. श्री पी. सी. सिंघवी, तत्कालीन सचिव, हाल सेवानिवृत्त 2. श्री सोहन लाल महेश्वरी, तत्कालीन सचिव, हाल सेवानिवृत्त 3. श्री रतन लाल विश्नोई आरएएस 4. श्री चतुर्भुज राठी, सहायक लेखाधिकारी सेवानिवृत्त 5. श्री रेशमा राम, क. अभियन्ता, यू.आईटी, श्रीगंगानगर 6. श्री घनश्याम पंवार, क. अभियन्ता 7. श्री रूपाराम निरीक्षक 8. श्री दाउलाल माथुर, क. लि. हाल सेवानिवृत्त	क्र. सं. 1, 2, 4, 6, 7, 8, 12 एवं श्री नाथुसिंह, तत्कालीन अतिक्रमण रोक निरीक्षक, लाभार्थी गोरधन सिंह के विरूद्ध चालान का निर्णय दिनांक 9.7.2003 को लिया जा चुका है। श्री घनश्याम पंवार क. लि., श्री रूपाराम, सहायक अतिक्रमण निरीक्षक एवं श्री नाथुसिंह, अतिक्रमण रोक निरीक्षक के विरूद्ध जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष यूआईटी जोधपुर

1	2	3	4
3.	92/2002 20.3.2002	9. श्री महेश व्यास, व. लि. 10. श्री वासुदेव क. लि. यूआईटी जोधपुर 11. श्री रामनाथ वकील 12. श्री मंगलाराम रेल्वे कर्मचारी, लाभार्थी	से अभियोजन स्वीकृति दिनांक 1.6.2005 को निर्धारित प्रोफार्मा में प्राप्त नहीं होने के कारण निर्धारित प्रोफार्मा में प्राप्त करने के प्रयास जारी हैं।
191.	लक्ष्मी नगर	अरिहन्त नगर
192.	राम राजपुरा गृ.नि.स. समिति	गणेश विहार
193.	हथरोई गढ़ी	राधिका विहार
194.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	विजय नगर ए
195.	दी फोरेस्ट व्यू	कृष्णा नगर
196.	शिव शंकर गृ.नि.स. समिति	महावर कालोनी
197.	बन्धु गृ.नि.स. समिति	मंगल विहार
198.	शान्ति नगर/विकास समिति	गौरव वाटिका
199.	लक्ष्मी नगर	चाणक्य नगर
200.	बाबा आर एन गौड़	गिर्राज नगर
201.	लक्ष्मी नगर	लक्ष्मी वाटिका बी

1	2	3
202.	हथरोई गढ़ी	कृष्ण वाटिका ए, बी, सी
203.	शंकर भवन	महावर कालोनी
204.	शिवशंकर	गणेश विहार कालोनी
205.	दी फोरेस्ट व्यू	खण्डेलवाल नगर
206.	लक्ष्मी नगर	श्री लक्ष्मी सी वाटिका
207.	लक्ष्मी नगर	बजरंग विहार
208.	लक्ष्मी नगर	गोल्डन पार्क
209.	शिव शंकर गृ.नि.स. समिति	नवरंग विहार
210.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	रूप नगर
211.	लक्ष्मी नगर	तिलक विहार
212.	महावीर स्वामी	रामनगर विस्तार
213.	हथरोई गढ़ी	रामनगर ग्राम हीरावाला
214.	जय चामुण्डा	सरदारसिंह नगर
215.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	हनुमान वाटिका
216.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	पटेल विहार
217.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	देवीधाम
218.	मित्र	लक्ष्मी नगर
219.	हथरोई गढ़ी	लक्ष्मी विहार
220.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	रिद्धि-सिद्धि गणेश विहार
221.	हथरोई गढ़ी	जगदीशपुरी
222.	महावीर नगर	देवराज नगर ग्राम कानोता
223.	हथरोई गढ़ी	बजरंग विहार
224.	शिवशंकर	बजरंग कालोनी
225.	हसनपुरा-ए	शंकर विहार
226.	कृष्णापुरी	जनता कालोनी
227.	मित्र	कानोता विहार

1	2	3
228.	फोरेस्ट व्यू	भगवती नगर
229.	हथरोई गढ़ी	प्रभा विहार
230.	लक्ष्मी नगर गृ.नि.स. समिति	मान कालोनी
231.	बाबा आर एन गौड़	हरियाणा कौम्प्लैक्स

परिशिष्ट "ब"

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

आगरा रोड पर स्थित योजनाएं जिनका रिकार्ड जयपुर विकास प्राधिकरण में जमा हो चुका है, की सूची

क्र. सं.	गृह निर्माण सहकारी समिति का नाम	नाम योजना
1	2	3
1.	लक्ष्मी नगर	हपानदा नगर
2.	टेगौर नगर	बाबा एनक्लेव
3.	मित्र गृह नि.	तारा नगर
4.	हथरोई गढ़ी	भवर कालोनी
5.	महावीर स्वामी	कृष्णा नगर 2
6.	पटेल नगर	बसन्त विहार प्रथम
7.	पटेल नगर	प्रताप नगर ए
8.	शंकर भवन	मधु विहार
9.	शंकर भवन	मधु वाटिका
10.	मित्र गृह नि.	भरत विहार
11.	भैरव	पालिका मार्केट
12.	सिन्धु नगर	मां शारदा नगर
13.	जगदम्बा विकास समि. (बाबा रामदेव)	जगदम्बा कालोनी ए-बी
14.	मित्र गृह नि.	भरत विहार
15.	गुलाबी नगर	ईदगाह कालोनी ए

1	2	3
16.	पहाड़गंज	जयविहार
17.	पटेल नगर	इन्द्रानगर विस्तार
18.	पटेल नगर	प्रताप नगर
19.	पटेल नगर	शंकर विहार डी
20.	पटेल नगर	श्री कृष्ण धाम
21.	पटेल नगर	शंकर वाटिका
22.	पटेल नगर	शंकर विहार
23.	बन्धु गृ.	राम विहार कालोनी
24.	सिन्धु नगर	महादेव विहार
25.	लुणियावास	पूजा विहार
26.	लुणियावास	सरस्वती नगर
27.	महावीर स्वामी	श्री लक्ष्मी वाटिका बी
28.	महावीर स्वामी	चाणक्यपुरी विस्तार
29.	पटेल नगर	शंकर वाटिका
30.	लक्ष्मी नगर	श्री लक्ष्मी वाटिका सी
31.	लक्ष्मी नगर	श्री लक्ष्मी वाटिका डी
32.	लक्ष्मी नगर	केशव पार्क
33.	लक्ष्मी नगर	बजरंग विहार
34.	लक्ष्मी नगर	चाणक्य नगर, श्याम नगर
35.	हथरोई गढ़ी	चित्रकूट कालोनी ए.बी.सी.
36.	सुभाष सिन्धी	भरत विहार
37.	महावीर स्वामी	मधुवन वाटिका
38.	शिव शंकर गृ.नि.स.स.	गणेश विहार कालोनी
39.	शिव शंकर गृ.नि.स.स.	जनकपुरी
40.	शिव शंकर गृ.नि.स.स.	ग्रीस नगर

1	2	3
41.	पहाड़गंज	राजनगर
42.	पहाड़गंज	माधव नगर
43.	लुणियावास	गोविन्द विहार
44.	दी फोरेस्ट व्यू	कृष्णा नगर
45.	बन्धु गृ.	मंगल विहार
46.	शान्ति नगर	गौरव वाटिका
47.	हसनपुरा ए	दुर्बल विहार
48.	लक्ष्मी नगर	गोपाल नगर
49.	शान्ति गृ.नि.स.स.	रत्नावली कालोनी
50.	बुनियादी गृह नि.स.स.	इन्दिरा गांधी नगर
51.	शिवशंकर गृ.नि.स.स.	गणेश विहार बी
52.	शिवशंकर गृ.नि.स.स.	गणेशपुरी
53.	शंकर भवन	गिरीश नगर मूर्तिकला कालोनी
54.	हथरोई गढ़ी	श्रीराम वाटिका
55.	महावीर स्वामी	त्रिवेणी नगर पार्ट ए
56.	लुणियावास	कनक विहार
57.	दी फोरेस्ट व्यू	श्री नारायण कालोनी
58.	पहाड़गंज	गंगोत्री गार्डन
59.	जलमहल	मुलमर्ग कालोनी
60.	जलमहल	महावर कालोनी
61.	श्यामपुरी	लक्ष्मी विहार
62.	हथरोई गढ़ी	शिव कालोनी
63.	छत्रपति शिवाजी	अम्बेडकर कालोनी
64.	घटेल नगर	चित्रकूट कालोनी ए.बी.सी.
65.	पटेल नगर	हनुमान कालोनी
66.	गणपति	बालाजी विहार 2 व 11

1	2	3
67.	पटेल नगर	गायत्री विहार
68.	लक्ष्मी नगर	सन्तोषी वाटिका
69.	मित्र गृह नि.	जगन्नाथपुरी
70.	शिवशंकर गृ.नि.स.स.	श्री नगर
71.	शंकर भवन गृ.नि.स.स.	सर्वोदय कालोनी
72.	शिव शंकर गृ.नि.स.स.	इन्द्रप्रस्थ
73.	लक्ष्मी नगर	गोल्डन पार्क
74.	लक्ष्मी नगर	मारूति नगर
75.	लक्ष्मी नगर	तीर्थंकर नगर
76.	लक्ष्मी नगर	जगदम्बा विस्तार
77.	विकास भवन	रूकमणी नगर
78.	सुरजपोल	श्री गणेश विहार
79.	शान्ति गृह नि.स.स.	बाबा खेतानाथ
80.	दी सांगानेर	ज्योति नगर
81.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	रूप नगर
82.	लक्ष्मी नगर	तिलक विहार
83.	महावीर स्वामी	रामनगर विस्तार
84.	हथरोई गढ़ी	रामनगर ग्राम हीरावाला
85.	जय चामुण्डा	सरदारसिंह नगर
86.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	हनुमान वाटिका
87.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	पटेल विहार
88.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	देवीधाम
89.	मित्र	लक्ष्मी नगर

1	2	3
90.	हथरोई गढ़ी	लक्ष्मी विहार
91.	पहाड़गंज गृ.नि.स. समिति	रिद्धि-सिद्धि गणेश विहार
92.	हथरोई गढ़ी	जगदीशपुरी
93.	महावीर नगर	देवराज नगर ग्राम कानोता
94.	हथरोई गढ़ी	बजरंग विहार
95.	शिवशंकर	बजरंग कालोनी
96.	हसनपुरा-ए	शंकर विहार
97.	कृष्णापुरी	जनता कालोनी
98.	मित्र	कानोता विहार
99.	फोरेस्ट व्यू	भगवती नगर
100.	हथरोई गढ़ी	प्रभा विहार
101.	लक्ष्मीनगर	मान कालोनी
102.	बाबा आर एन गौड़	हरियाणा कौम्प्लेक्स
103.	पटेल नगर	पार्श्वनाथ शापिंग सेन्टर, कानोता
104.	पहाड़गंज	निक्की टाउन
105.	पटेल	उद्योग नगर हीरावाला
106.	पटेल	इन्द्रा कालोनी ग्राम बस्सी
107.	पटेल	गायत्री विहार ग्राम हीरावाला

परिशिष्ट "स"

वे कालोनियां जिनके नियमन प्रकरणों का निस्तारण हो चुका है

क्र. सं.	गृह निर्माण सहकारी समिति का नाम	योजना का नाम	ग्राम	निस्तारण की स्थिति
1.	फोरेस्ट व्यू गृ.नि.स. समिति	भगवती नगर	नायला	क्षेत्राधिकार से बाहर होने के कारण निरस्त
2.	कृष्णापुरी गृ.नि.स. समिति	जनता कालोनी	कानोता	खसरा नम्बर अस्तित्व में नहीं होने के कारण निरस्त
3.	मित्र गृह गृ.नि.स. समिति	कानोता विहार	कानोता	कृषि उपयोग में आने के कारण निरस्त
4.	हथरोई गढ़ी गृ.नि.स. समिति	प्रभा विहार	बस्सी	बी.पी.सी. द्वारा निरस्त
5.	बाबा. आर.एन. गौड गृ.नि.स. समिति	हरियाणा काम्पलेक्स	कानोता	अकृषि कार्य में उपयोग नहीं होने के कारण निरस्त
6.	पटेल नगर गृ.नि.स. समिति	पार्श्वनाथ शापिंग सेन्टर	कानोता	विचाराधीन
7.	निक्की टाउन गृ.नि.स. समिति	निक्की टाउन विकास समिति	रघुनाथपुरा	विचाराधीन
8.	पटेल गृह गृ.नि.स. समिति	उद्योग नगर	हीरावाला	विचाराधीन
9.	पटेल नगर गृ.नि.स. समिति	इन्द्रा कालोनी	बस्सी	विचाराधीन
10.	लक्ष्मी नगर गृ.नि.स. समिति	गायत्री विहार	हीरावाला	विचाराधीन

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भू-रूपान्तरण सम्बन्धी प्रसारित आदेश

14. श्री हरिमोहन शर्मा (हिण्डोली) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा दिनांक 9 मई, 2005 को सभी प्रकार के भूमि रूपान्तरण एवं नियमन से सम्बन्धित प्रकरणों में धारा 90(बी) की कार्यवाही किये जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था? यदि हां, तो क्यों? आदेश की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि सरकार द्वारा जुलाई, 2005 में आदेश प्रसारित कर धारा 90(बी) की कार्यवाही पर लगाई रोक हटाने के आदेश प्रसारित किये गये थे? यदि हां, तो उसके क्या कारण थे? आदेशों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 16 जुलाई, 2005 को सिर्फ पुराने धारा 90(बी) के अन्तर्गत आवेदित प्रार्थना पत्रों को अनापत्ति प्रमाण पत्र योजना अनुमोदन तथा धारा 90(बी) की कार्यवाही तथा भू-उपयोग परिवर्तन के आदेश प्रसारित किये गये थे? यदि हां, तो आदेशों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि उपरोक्त आदेश के विपरीत सरकार द्वारा नई योजनाओं का अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा 90(बी) की कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो कितनी? सूची सदन की मेज पर रखें।

(5) क्या यह सही है कि दिनांक 28 अक्टूबर, 2004 को जयपुर विकास आयुक्त तथा निजी खातेदार विकास कर्तासंघ द्वारा यह तय किया गया था कि धारा 90 (बी) के आदेश योजना अनुमोदित होने के पश्चात् ही जारी किये जायेंगे?

उत्तर

(1) जी नहीं। जयपुर विकास प्राधिकरण एवं स्थानीय निकायों/न्यासों द्वारा प्रस्तावित टाउनशिप रेगुलेशन को दृष्टिगत रखते हुए तथा अनियोजित विकास को रोकने एवं सुनियोजित नगरीय विकास हेतु धारा 90(बी) की कार्यवाही स्थगित रखी गयी थी।

(2) जी नहीं।

(3) जयपुर विकास प्राधिकरण दिनांक 16.7.2005 को आदेश जारी कर आवासीय टाउनशिप योजनाओं से सम्बन्धित अनापत्ति प्रमाण पत्र 90(बी) मानचित्र अनुमोदन तथा भू-उपयोग परिवर्तन से सम्बन्धित नवीन आवेदक/प्रार्थना पत्रों पर

(नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री)

रोक लगाई गई थी। दिनांक 15.7.2005 के आदेश द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र व 90(बी) सम्बन्धी रोक हटा दी गई थी। आदेशों की प्रति परिशिष्ट "अ" व परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है।

(4) जी नहीं। यह सही नहीं है कि उपरोक्त आदेश के विपरीत जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नई योजनाओं को अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा 90(बी) की कार्यवाही की गई है।

(5) जी हां। यह सही है कि दिनांक 28.10.2004 को जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त तथा निजी खातेदार विकासकर्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह तय किया गया कि 90(बी) की कार्यवाही योजना मानचित्र की स्वीकृति के साथ समानान्तरण की जाएगी। परन्तु 90(बी) के आदेश योजना अनुमोदन के पश्चात् ही जारी किए जायेंगे।

दिनांक 28.10.2004 को आयोजित बैठक में निजी खातेदारों की आवासीय योजनाओं में आ रही समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु उपरोक्तानुसार निर्णय लिया गया था। आदेश की प्रति परिशिष्ट "स" पर संलग्न है।

परिशिष्ट "अ"

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक जविप्रा/अआ/प/2005/डी-663   दिनांक 15.7.2005

कार्यालय आदेश

प्राधिकरण के पूर्व कार्यालय आदेश क्रमांक जविप्रा/अ.आ./प./एनओसी/05/247 दिनांक 7.3.2005 के द्वारा टाउनशिप रेग्यूलेसन्स के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र देने एवं पश्चातवर्ती आदेश क्रमांक प-12()जविप्रा/अआ/पूर्व टाउनशिप/02/डी-814 दिनांक 9.5.2005 के द्वारा सभी प्रकार के भूमि रूपान्तरण एवं नियमन से सम्बन्धित प्रकरणों में 90 बी की कार्यवाही किये जाने पर अग्रिम आदेशों तक तुरन्त प्रभाव से रोक लगायी गयी थी।

उक्त रोक को तुरन्त प्रभाव से हटाया जाकर प्राधिकरण के सभी प्राधिकृत अधिकारियों को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 90 बी के उक्त प्रकरणों में नियमानुसार विधि के प्रावधानों का विशेष ध्यान रखकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाते हैं।

डा. ललित के. पंवार
जयपुर विकास आयुक्त

परिशिष्ट "ब"

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक जविप्रा/अआ/प/2005/डी-665 दिनांक 16.7.2005

कार्यालय आदेश

नवीन टाउनशिप पालिसी राज्य सरकार के स्तर पर विचाराधीन है तथा नगरपालिका चुनाव की प्रक्रिया का समाप्ति के पश्चात् इस नवीन टाउनशिप नीति के लागू होने की सम्भावना है। जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अनियोजित नगरीय विकास को रोकने एवं जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र को सुनियोजित नगरीय विकास हेतु नवीन टाउनशिप नीति लागू होने तक जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में आवासीय परियोजना/टाउनशिप योजना से सम्बन्धित कोई नया प्रार्थना पत्र (यथा अनापत्ति प्रमाण पत्र, योजना अनुमोदन 90बी की कार्यवाही, भूउपयोग परिवर्तन से सम्बन्धित) किसी भी स्तर पर प्राप्त नहीं किया जाएगा। सचिव, समस्त अतिरिक्त आयुक्तगण, समस्त उपायुक्तगण एवं उनका समस्त स्टाफ इसकी पालना सुनिश्चित करेंगे।

आयुक्त

जयपुर विकास प्राधिकरण

परिशिष्ट "स"

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यवाही विवरण

दिनांक 28.10.2004 को अपराह्न 12.30 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में राजस्थान निजी खातेदार विकासकर्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ "निजी खातेदारों की आवासीय योजनाओं में आ रही, समस्याओं के निराकरण कर आय में बढ़ोतरी करने एवं सुनियोजित विकास करने बाबत" बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जविप्रा की ओर से निम्न अधिकारीगण उपस्थित हुए :-

1. निदेशक (नगर आयोजना), जविप्रा, जयपुर।

2. निदेशक (अभियांत्रिकी), जविप्रा, जयपुर।

3. अति. आयुक्त (पूर्व/पश्चिम), जविप्रा, जयपुर।

बैठक में राजस्थान निजी खातेदार, विकासकर्ता संघ द्वारा उठाये गए बिन्दुओं पर निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

क्र. सं.	राज. नि. वि. संघ द्वारा उठाए गए बिन्दु	बैठक में लिये गये निर्णय	सम्बन्धित अधिकारी
1	2	3	4
1.	कार्य के समयबद्ध क्रियान्विति एवं निस्तारण हेतु।	प्रत्येक जोन में स.न.नि./क.अभि./तह./पटवारी के लिंक अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित किए जायेंगे जिससे सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के अवकाश पर	सचिव, जविप्रा,
		जाने से जोन का कार्य अवरूद्ध न हो। इसी प्रकार जोन के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी के कार्यभार को भी समान रूप से वितरित किया जायेगा जिससे कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी पर अत्यधिक कार्यभार न रहे।	

1	2	3	4
2.	लिंकरोड/सेक्टर प्लान/ मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण शीघ्र करने हेतु।	सम्बन्धित जोनल अभियन्ता का सेक्टर रोड के डी मार्केशन दायित्व रहेगा। उन सड़कों पर डब्ल्यू.बी.एम. की एक लेयर डाली जायेगी तथा रोड सीमा में जगह-जगह पर सड़क की प्रस्तावित चौड़ाई करने वाले बोर्ड लगाये जावेंगे।	सम्बन्धित जोनल अभियन्ता
3.	योजना अनुमोदन के पश्चात् 90 बी की कार्यवाही में काफी विलम्ब।	90बी की कार्यवाही योजना मानचित्र की स्वीकृति की कार्यवाही के साथ समानान्तर की जावेगी। परन्तु 90 बी के आदेश योजना अनुमोदन के पश्चात् ही जारी किये जावेंगे।	सम्बन्धित अति. आयुक्त/ उपायुक्त
4.	एन.ओ.सी. की अवधि 2 माह से अधिक बढ़ायी जावें।	इस बिन्दु को निर्णय हेतु कोर कमेटी की आगामी बैठक में रखा जावेगा।	अति. आयुक्त (पूर्व) इस हेतु एजेण्डा तैयार करेंगे एवं निदेशक (वित्त) सदस्य सचिव कोर कमेटी में रखेंगे।
5.	सुविधा क्षेत्र का स्वामित्व विकासकर्ता का होना व आंबटन/ विक्रय करने बाबत।	इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री (नगरीय विकास) के स्तर पर विचार-विमर्श किया जा चुका है तथा राज्य सरकार से इस बाबत आदेश प्राप्त होना अपेक्षित है।	अति. आयुक्त (पूर्व) इस सम्बन्ध में राज्य सरकार सम्पर्क कर आदेश प्राप्त करने की कार्यवाही करेंगे।

1	2	3	4
6.	सेक्टर प्लान के बाहर योजनाओं का अनुमोदन करने हेतु।	इस सम्बन्ध में एजेण्डा प्राधिकरण की होने वाली बैठक हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है परन्तु प्राधिकरण की बैठक न होने से इस बाबत निर्णय नहीं हो पाया है अत: इस बिन्दु पर कोर कमेटी में निर्णय कराकर माननीय अध्यक्ष, जविप्रा, जयपुर की अनुमति प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।	निदेशक (नगर आयोजना) इस हेतु एजेण्डा तैयार करेंगे।
7.	आन्तरिक विकास कार्य के मापदण्ड में संशय एवं भेदभाव होना।	इस पर सैद्धान्तिक रूप से सहमति प्रदान की गयी।	निदेशक (अभियांत्रिकी)
8.	प्रोविजनल पट्टा।	यह बिन्दु मूलत: ऋण से सम्बन्धित है अत: ऋण लेने हेतु सम्बन्धित जोन द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुमादित मानचित्र के आधार पर जारी किया जावे।	सम्बन्धित उपायुक्त
9.	सभी जातियों की 90 बी की अनुमोदन करने हेतु।	इस प्रकरण में निर्णय में निर्णय राज्य सरकार द्वार लिया जाना है निर्णय की अनुपालना में अग्रिम कार्यवाही तब की जावेगी। इस दौरान इन पत्रावलियों पर कारवाई की जानी चाहिए।	संबंधित अति. आयुक्त/ उपायुक्त

1	2	3	4
10.	भूखण्डधारियों के पट्टी के वितरण के सम्बन्ध में।	इस बिन्दु पर सभी की सहमति थी कि भूखण्डों के पट्टे जविप्रा द्वारा ही जारी किये जाने चाहिए इस संबंध में अगर कोई स्पष्टीकरण आवश्यक हो तो राज्य सरकार से प्राप्त नहीं किया जावे।	अति. आयुक्त (पूर्व)
11.	योजना के मध्य एवं लगती हुई सरकारी भूमिव पुरानेरास्तेके निस्तारण के बाबत।	2 बीघा तक की भूमि हेतु जविप्रा अधिकृत है। इससे अधिक भूमि के संबंध में राज्य सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।	संबंधित अति. आयुक्त
12.	जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर रोड पर 25 प्रतिशत व्यावसायिक भूखण्डों के पट्टे खातेदार को नहीं दिये जा रहे।	व्यावसायिक पट्टे नियमानुसार फ्री होल्ड दर पर जारी किया जाना संभव नहीं होगा इसे रिजर्व प्राइज के आधार पर लीज होल्ड पर जारी किये जा सकेंगे। योजनाओं हेतु रिजर्व प्राइज शीघ्र निर्धारित कर आबंटन पत्र जारी करने की कार्यवाही की जावेगी। संघ ग्रामवार आरक्षित दर तय करने के लिए विवरण प्रस्तुत करेगी।	अति. आयुक्त (पूर्व/ पश्चिम)
13.	दो योजनाओं (निजी/ जेडीए) से लगते हुए मध्य टेढ़े-मेढ़े, भूखण्डों को एकरूपता वर्गाकार करने हेतु।	आपसी सहमति से भूखण्डों को तर्क संगत (Rationalisation) करना उचित होगा इसके लिए जेड.एल.सी. को प्राधिकृत किया जावे। (For Reconsti-tution)	
14.	एच.टी. के नीचे रोड नेट वर्क होना चाहिए।	इस सम्बन्ध में स्पष्ट दिशा-निर्देश ऊर्जा विभाग से प्राप्त किये जावें एवं तदनुसार कार्यवाही की जावे।	अति. आयुक्त (पूर्व)

1	2	3	4
15.	दिनांक 14.6.2004 में कम संख्या 3 में बताई गयी समिति सरकार की नीतियों के विपरीत होने के कारण निरस्त की जावें।	जेड.एल.सी. के पश्चात् अन्य समिति के समक्ष प्रकरणों को प्रस्तुत करने की वर्तमान व्यवस्था में आने वाली दिक्कतों को देखने हेतु जेड.एल.सी. के पश्चात् प्रकरणों को पूर्व व्यवस्था के अनुसार, निदेशक (नगर आयोजना) की अनुशंसा एवं आयुक्त महोदय से अनुमोदन प्राप्त कराकर योजना अनुमादित की जावे। 25 एकड़ से बड़ी योजनाएं पूर्व व्यवस्था के अनुसार बीपीसी (एलपी) के समक्ष प्रस्तुत की जावे।	सम्बन्धित अति. आयुक्त/ उपायुक्त
16.	संघ के पदाधिकारियों द्वारा एन.ओ.सी. अनुमोदन प्राप्त करने में हो रहे विलम्ब को उजागर किया।	एन.ओ.सी/अनुमोदन प्राप्त करने में हो रहे विलम्ब को कम करने की दृष्टि से पत्रावलियां अति.आयुक्त सीधे ही आयुक्त महोदय को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेंगे।	अति. आयुक्त (पूर्व/ पश्चिम)

उक्त निर्णयों पश्चात् अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद का प्रस्ताव पारित कर बैठक समाप्त की गयी।

निदेशक (नगर आयोजना)

जयपुर जादौन नगर (बी) की आवासीय योजना का नियमन

15. श्री नानालाल अहारी (खैरवाड़ा) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि जादौन नगर "बी" (दुर्गापुरा) जयपुर योजना प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित है?

(2) वर्ष 1990 से अब तक उक्त योजना में किस-किस व्यक्ति द्वारा किस-किस भूखण्ड का किस-किस व्यक्ति को हस्तान्तरण/विक्रय कब-कब किया गया?

(3) उक्त योजना में कुल कितने भूखण्ड हैं? किस-किस भूखण्ड स्वामी द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण में कब-कब कितनी-कितनी राशि जमा करवाई गई? योजना का साइट प्लान एवं पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 9 अगस्त, 2005 को यह आदेश प्रसारित किया गया कि धारा 90 (बी) की कार्यवाही योजना अनुमोदन से पूर्व की जा सकेगी? यदि हां, तो क्यों?

(5) क्या यह सही है कि दिनांक 9 अगस्त, 2005 को जारी आदेश के क्रम सं. 4 पर अंकित आदेश राजस्थान उच्च न्यायालय की डी.वी. रिट नं. 4783/03 की भावना के विपरीत है? यदि हां, तो क्यों?

(6) क्या यह सही है कि आदेश दिनांक 9 अगस्त, 2005 की भावना पूर्व में प्रसारित आदेश दिनांक 15 जुलाई, 2005 तथा 16 जुलाई, 2005 के विपरीत है? यदि हां, तो इसके क्या कारण रहे?

(7) क्या वाटिका एवं ओमेक्स समूह को जिस भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया वह भूमि प्रस्तावित स्पेशल इक़ोनोमिक जोन के लिए आरक्षित थी? यदि हां, तो किस कारण से उक्त समूहों की भूमि को इस इकोनोमिकस जोन से निकाला गया?

उत्तर

(1) जी नहीं।

(2) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 1990 से अब तक उक्त योजना में तीन व्यक्तियों के नाम भूखण्ड हस्तान्तरण निम्न प्रकार किये गये हैं :-

(नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री)

(1) श्री प्रतीम चतुर्वेदी पुत्र श्री बी.एन. चतुर्वेदी, भूखण्ड संख्या 53 हस्तान्तरण की दिनांक 3.1.2001

(2) श्री नन्द किशोर शर्मा पुत्र श्री राम सहाय भूखण्ड संख्या 71 हस्तान्तरण की दिनांक 3.1.2001

(3) श्री किशन अग्रवाल पुत्र श्री कन्हैयालाल भूखण्ड संख्श 102 हस्तान्तरण की दिनांक 10.10.2001

(3) समिति द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कुल 150 भूखण्ड हैं। भूखण्ड स्वामियों द्वारा जमा करवाई गई राशि का विवरण परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है तथा गृह निर्माण सहकारी समिति के द्वारा प्रस्तुत योजना का साईट प्लान परिशिष्ट "ब" पर उपलब्ध है।

(4) जी हां। यह सही है कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 9.8.2005 को यह आदेश प्रसारित किया गया कि धारा 90(बी) की कार्यवाही अनुमोदन से पूर्व अथवा समानान्तर रूप से की जा सकती है। आवासीय योजनाओं के सम्बन्ध में निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं के निराकरण हेतु यह आदेश जारी किया गया। यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 की धारा 90 (बी) में यह अनुक्रम निर्धारित नहीं किया गया है कि 90(बी) की कार्यवाही योजना मानचित्र के अनुमोदन से पूर्व की जाएगी या बाद में।

(5) जी नहीं। यह सही नहीं है कि दिनांक 9.8.2005 को जारी आदेश के क्रम संख्या-4 पर अंकित आदेश राजस्थान उच्च न्यायालय की डी.बी. रिट नं. 4783/03 की भावना के विपरीत है।

जयपुर विकास प्राधिकरण के आदेश दिनांक 9.8.2005 के अनुसार निर्धारित प्रक्रियानुसार भू-उपयोग परिवर्तन के कार्यवाही सम्पादित करने के उपरान्त ही योजना मानचित्र जारी किया जाएगा। ऐसी स्थिति में यह आदेश माननीय उच्च न्यायालय की डी.बी. रिट नं. 4783/03 की भावना के विपरीत नहीं है।

(6) जी नहीं। यह सही नहीं है कि आदेश दिनांक 9.8.2005 की भावना पूर्व प्रसारित आदेशों दिनांक 15.7.2005 तथा दिनांक 16.7.2005 के विपरीत है।

यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.7.2005 के आदेश द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं 90(बी) की कार्यवाही पर पूर्व में लगाई गई रोक हटाई गई थी ताकि जयपुर विकास प्राधिकरण में उस दिनांक तक प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों पर प्रक्रियानुसार

कार्यवाही की जा सके। दिनांक 16.7.2005 का आदेश जारी कर आवासीय योजनाओं के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र 90(बी), मानचित्र अनुमोदन एवं भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्धित नवीन प्रार्थना पत्रों पर रोक लगाई गयी।

(7) जी नहीं। यह सही नहीं है कि वाटिका और ओमेक्स समूह को जिस भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया, वह भूमि प्रस्तावित स्पेशल इकोनोमिक्स जोन के लिए आरक्षित थी। प्रस्तावित आई.टी. सिटी, बी.टी. सिटी, नोलेज सिटी तथा स्पेशल इकोनोमिक जोन हेतु 20 ग्रामों की कुल 15240 बीघा भूमि के अवाप्ति प्रस्तावित जविप्रा द्वारा दिनांक 3.8.2005 को राज्य सरकार को प्रेषित किये गये हैं। ओमेक्स तथा वाटिका समूहों को जिस भूमि के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है, वह भूमि इस अवाप्ति प्रस्तावों में सम्मिलित नहीं है।

(विवरण पुस्तकालय में रखा गया)

अतारांकित प्रश्न संख्या-16

(स्थगित)

जयपुर वर्ल्ड ट्रेड पार्क हेतु भू-आबंटन प्रकरण

17. श्री संयम लोढ़ा (सिरोही) : क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा वर्ल्ड ट्रेड पार्क के निर्माण के लिए कब एवं कितनी भूमि किस कीमत पर आबंटित की गई? इसके भुगतान की क्या प्रक्रिया निर्धारित की गई है एवं 20 जुलाई, 2005 तक कितना-कितना कब भुगतान किया गया? तथा कितना-कितना भुगतान शेष है एवं यह कब-कब किया जाएगा? शेष राशि पर कितना ब्याज कब-कब से गणना कर अदा किया जाएगा?

(2) उक्त कार्य के लिए सम्बन्धित संस्था को कब्जा सुपुर्दगी कब व किस आधार पर की गई तथा कब्जा सुपुर्दगी कितना प्रतिशत राशि के भुगतान पर करने का प्रावधान है? इस सम्बन्ध में नियम की प्रति सदन की मेज पर रखें। किन-किन अन्य संस्थानों को पूरा भुगतान नहीं करने पर कब्जा सुपुर्दगी दी गई? मई, 2004 से 20 जुलाई, 2005 तक का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) जयपुर विकास प्राधिकरण में लीज डीड जारी करने का क्या नियम है? कितने प्रतिशत भुगतान के उपरान्त लीज डीड जारी की जाती है? उक्त कार्य के

(श्री संयम लोढ़ा)

सम्बन्ध में क्या आधार लिया गया है? उक्त कार्य के लिए सम्बन्धित संस्था को लीज डीड कब जारी की जाएगी? नियमों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) उक्त कार्य के निर्माण के लिए क्या दिनांक 20 जुलाई, 2005 तक मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया? संस्था द्वारा कितनी प्रतिशत राशि का भुगतान करने पर मानचित्र स्वीकृत करने का प्रावधान है उक्त तिथि तक क्या मानचित्र स्वीकृति हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया था? नियमों की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(5) उक्त कार्य के सम्बन्ध में मुख्य मंत्री के स्तर पर हुए फैसलों व बैठक की कार्यवाही का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(6) उक्त कार्य से सम्बन्धित संस्था व उसके निदेशकों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर

(1) जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा वर्ल्ड ट्रेड पार्क के निर्माण के लिए 16406.71 वर्ग मीटर भूमि 25,000/- रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से दिनांक 2.7.2005 को आबंटित की गई। इसके भुगतान की प्रक्रिया बोर्ड आफ इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड इन्वेस्टमैंट प्रमोशन के निर्णयानुसार तय की गई है जो परिशिष्ट– "अ" पर संलग्न है।

20 जुलाई, 2005 तक भुगतान की स्थिति निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	दिनांक	राशि रु.
1.	21.5.2005	70736763.00
2.	26.5.2005	10,42,694.00
योग अ		**71779457.00**

शेष भुगतान की स्थिति :-

क्र. सं.	दिनांक	राशि रु.	ब्याज रु.	योग
1.	24.11.2005	58107098.00	20918556.00	79025654.00
2.	24.5.2006	58107098.00	17432130.00	75539228.00
3.	24.11.2006	58107098.00	13945704.00	72052802.00

(नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री)

4.	24.5.2007	58107098.00	10459278.00	68566376.00
5.	24.11.2007	58107098.00	6972852.00	65079950.00
6.	24.5.2008	58107097.00	3486426.00	61593523.00
योग ब		**348642587.00**	**73214946.00**	**421857533.00**

इस प्रकार संस्था द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि का कुल योग (अ+ब) =49,36,36,900/- होता है।

ब्याज की गणना आबंटन तिथि से देय तिथि तक 12 प्रतिशत की दर से की जायेगी।

(2) सम्बन्धित संस्था को कब्जा बोर्ड आफ इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (बीडी) के दिनांक 20.4.2005 के निर्णयानुसार 15 प्रतिशत नजराना राशि जमा करवाने के उपरान्त दिनांक 25.5.2005 को दिया गया है। कब्जा सुपुर्दगी के विषय में राजस्थान इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट (डिस्पोजल आफ अरबन लैण्ड) नियम, 1974 के नियम 20 की प्रति परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है।

जयपुर विकास प्राधिकरण में उपरोक्त के अलावा एक अन्य संस्था गोल्ड सूक को भी समान शर्तों पर कब्जा दिया गया है।

(3) जेडीए में सम्पूर्ण भुगतान के उपरान्त ही लीज डीड की जाती है। लीज डीड जारी करने के नियमों की प्रति परिशिष्ट "ब" पर संलग्न है। इस प्रकरण में भी सम्पूर्ण राशि जमा होने पर ही लीज डीड जारी की जायेगी।

(4) जी नहीं। उक्त कार्य के निर्माण के लिए दिनांक 20 जुलाई, 2005 तक मानचित्र स्वीकृत नहीं किया गया था। बीडी के निर्णयानुसार 15 प्रतिशत राशि अग्रिम जमा कराने पर ही भौतिक कब्जा दिया गया एवं शेष 85 प्रतिशत राशि छः माही किस्तों में जमा करवाई जायेगी। प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य कब्जे की तिथि से 2 वर्ष में पूर्ण कराना होगा। इस प्रकार बीडी के निर्णय के अनुसार उपरोक्तानुसार 15 प्रतिशत राशि जमा कराने पर ही मानचित्र स्वीकृत किया जा सकता है। निर्णय की प्रति परिशिष्ट "अ" पर संलग्न है। आबंटी संस्था ने दिनांक 20.7.2005 तक मानचित्र स्वीकृति हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर दिए थे। उक्त आबंटन बीडी के निर्णय दिनांक 20.4.2005 के क्रम में किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न है।

(5) उक्त कार्य के सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री महोदया के स्तर पर हुए फैसलों व बैठक कार्यवाही का विवरण परिशिष्ट "स" पर संलग्न है।

(6) उक्त कार्य से सम्बन्धित संस्था व उसके निदेशकों में श्री साजिद खान व श्रीमती फिरदौस खान मूल प्रवर्तक है एवं श्री अनूप बरतरिया तथा श्री जगदीश पोद्दार नये निदेशक हैं।

परिशिष्ट "अ"

Ref : GOR/BIDI/BIP/2005-06

Government of Rajasthan

Board of Infrastructure Development & Investment Promotion

Bureau of Investment Promotion, Rajasthan
Udyog Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-302 005
Tel : 2227274, 2227812, 2227713 Fax : 2227506

Ref : GOR/BIDI/BIP/2005-06/1519 May 10, 2005

Mr. Anoop Bartaria,
Chief Consultant & Project Director,
R.F. Properties & Trading Pvt. Ltd.,
42, Lal Singh Judo Colony,
Near Jaipuria Hospital, Tonk Road,
Jaipur.

Sub : Setting up of a World Trade Park at Jaipur.

Your proposal for setting up a World Trade Park at Jaipur was considered by the 18th Meeting of Board of Infrastructure Development & Investment Promotion. Land measuring 17579.7 sq. meters surrendered by the Mahalaxmi Society on JLN Marg would be allotted to R.F. Properties and Trading Pvt. Ltd. @ Rs. 25,000 per sq. meter. You would pay 15% of the total amount due upfront to JDA before possession is handed over and the balance with interest at 12% per annum in six half yearly installments. In case of any delay in payment penalty would be attracted. No other concession would be provided to you. The FAR for the project would be restricted to 1.75. The project should be completed within 2 years from the date of taking possession.

Sd/-

(Mira Mehrishi)

Commissioner (Inv. & NRIs)

this extended period, than the allotment of the land shall stand cancelled as provided in the rule :

Provided further that in appropriate cases the Urban improvement Trust in its meeting may regularies such cancellation of land and extend the period of construction of building for such period as it deems fit, if the Institution is prepared to pay penalty at the rate upto 5% of the sale price of land for every year of default of construction.

[1][**19-B, Power and duties of the trust to undertake housing schemes.**-(1) Trust may with previous sanction of the State Government may prepare scheme and erect residential houses or commercial-cum-residential houses or commercial buildings and disposed of them.

(2) The scheme may be of one of the following types or combination of any two or more of such types or of any special features hereof namely :-

(a) housing scheme with special emphasis for the scheduled castes, scheduled tribes and other economically backward classes ;

(b) housing scheme for higher income group or lower income group of persons;

(c) commercial or commercial-cum-residential scheme ;

(d) urban renewal scheme including of slum clearance of slum improvement schemes;

(e) subsidized industrial housing scheme; and

(f) any other scheme with the approval of the State Government.]

[2][**20. Grant of sale deed**-Sale deed for the land shall be executed by the trust when the purchaser/allottee deposits the full cost of land. The possession of land shall be handed over only when sale deed has been issued to the purchaser/allottee by the concerned trust].

21. Reversion-In case the land is not utilised for the purpose for which it has been allotted within a period of two years from the date of allotment after depositing the full cost of plot, the land together

---

1. Inserted vide Notification No. F 9(15)UD/3/2001 dated 15.1.2002, published in Raj. Gazette E.O. Part 6(kh) dated 29.7.2002, page 59(1) with immediate effect.
2. Substituted vide Notification No. F 3(5) UDH/94, G.S.R. 136 dated 30.11.1996, published in Raj. Gazette E.O. Part-IV-(C) (I) dated 19.2.1997, page 251 (2).

परिशिष्ट "स"

BUREAU OF INVESTMENT PROMOTION, RAJASTHAN
UDYOG BHAWAN, TILAK MARG,
JAIPUR

MINUTES OF THE 18TH MEETING OF BOARD OF INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT AND INVESTMENT PROMOTION (BIDI) HELD ON 20.4.2005

The 18th Meeting of the BIDI was held on 20.4.2005 under the chairmanship of the Chief Minister. List of participants is at Annexure-1.

The following decisions were taken :

1. NIIT LIMITED

The BIDI considered the investment proposed by NIIT at Kath Ka Majra, District-Alwar. Taking note of the fact that this would be the first private university in the information technology sector, the reputation of this anchor investor and the fact that this was the first major investment in the knowledge corridor, BIDI agreed to allotment of 100 acres of land identified and set aside by the Department of Revenue at 50% of the DLC rate. The BIDI also directed the Revenue Deptt. to bind NIIT to develop a green belt on the land between their boundary line and the hilltop, starting from the foothills. The land for green belt will be owned by the State Government.

The modalities would be determined by the Deptt. Of Revenue. Regarding provision of infrastructure, BIDI directed that PWD construct an 18 meter wide road including 4 meters shoulder on both sides from NH 8 upto the boundary of the premises. However, they may acquire width of land of 60 meters to facilitate further widening of road in case other pipeline investments such as the proposed National Law University by the Ministry of Law and Justice Govt. of India, fructify.

5 KVA of power would be provided by the Jaipur Discom up to the premises. Cost of substation to receive the electricity supply in the premises would be paid for by the promoter. Arrangement for digging two tube wells for supply of water and all other activities within the allotted premises would be made by the promoter.

The BIDI also considered the fact that the land was in the National Capital Region and directed the Revenue Department to ascertain whether it was mandatory to obtain the approval of the NCR Board before allotting the land to the promoter.

2. LAND BANK

BIDI reiterated the necessity of the land Bank and directed the Revenue Department to prepare a date base of all government lands, in key investment locations in the first phase complete with all the requisite locational details required by a promoter. Information collected by BIP be transferred to Revenue Department. The date base would be maintained in the Deptt. of Revenue and the Bureau of Investment Promotion and would be made available on the net.

3. **MANGALAM CEMENT LTD**

BIDI accorded ex post facto approval to the notification issued by the Finance Department granting a further period of 2 years to the 75% exemption in RST and CST granted to the Company earlier. The BIDI noted that the notification was dated 15.4.2005 and applicable with prospective effect and directed the Finance Department to bridge the gap of 15 days, if necessary and legally possible.

4. **PERFEXA SOLUTIONS LTD**

The Board noted the vacillating attitude of the promoter towards investment and employment and the recommendation of the JDA that prime land at Jawahar Circle should not be given @ Rs. 750/- per sq. yards when promoter is not serious on his commitments. The Board directed cancellation of its earlier order made in the BIDI meeting held on 17.9.2003

5. **AERENS GOLD SOUK**

The Board directed the Deptt. of Urban Governance to allot plot no. 2 near Jawahar Circle on Jagatpura Road, measuring about 10,000 Sq. Meters at double the commercial rate for the area i.e. Rs. 25,000 per sq. meter. The promoter would be required to pay 15% of the total amount upfront and the balance amount at 12% interest per annum in 6 equal half yearly installments. In case of delay in payment penalty would be attracted. No other concessions would be given to the promoter. The promoter would have to complete the project in two and a half years from the date of handing over possession by JDA. The total investment (excluding cost of land) would be Rs. 70 crores. The IAR determined would be 1.75

6. **WORLD TRADE PARK**

BIDI directed the Department of Urban Governance to allot 17579.7 Sq. meters of land surrendered by the Mahalaxmi Society on JLN Marg to RF Properties and Trading Pvt. Ltd. @ Rs. 25,000 per sq. meter. The promoter would pay 15% of the total amount due upfront before possession is handed over and the balance with interest at 12% per annum in six half yearly installments. In case of any delay in payment penalty would be attracted. No other concession would be provided to the promoters. The FAR for the project would be restricted to 1.75 as was done in the case of GECIS. The project would be completed within 2 years from the date of taking possession.

The Board was also apprised that the FD had examined the requests made by

i. SAMCOR LIMITED AND

ii KAJARIA CERAMICS

Finance Department had not recommended either.

In both the cases, Aerens Goldsouk and World Trade Park, Department of UDH would determine how the lease agreement could be executed without the full amount being deposited. The possibility of an irrevocable

bank guarantee could be considered along with other options. With regard to giving concessions on registration fees etc. as per provision of RIPS 2003, it was felt that both the Gold Souk and the World Trade Park were projects of commercial nature and if this concession was extended to them then conceivably every mall and every block of flats coming up in the state would be eligible for these benefits. The Board, therefore, felt that RIPS concessions should not be extended to projects of a commercial nature.

Annexure-1

BUREAU OF INVESTMENT PROMOTION
UDYOG BHAWAN, TILAK MARG
JAIPUR
LIST OF PARTICIPANTS

MEETING OF BIDI ON 20.4.2005 UNDER THE CHAIRMANSHIP OF THE HONABLE CHIEF MINISTER

1. Shri Narpat Singh Rajvi
   Hon'ble Industries Minister, Rajasthan

2. Shri Pratap Singh Singhvi
   Hon'ble Minister for Urban Development & Housing

3. Shri Anil Vaish
   Chief Secretary

4. Shri D.C. Samant
   Addl. Chief Secretary to CM

5. Shri Parmesh Chandra
   Principal Secretary Revenue

6. Shri T. Srinivasan
   Principal Secretary Industries

7. Shri Rajiv Mehrishi
   Principal Secretary Finance

8. Smt. Usha Sharma
   Secretary UDH

9. Shri Lalit K. Panwar
   Commissioner, Jaipur Development Authority

10. Smt. Mira Mehrishi
    Commissioner (Inv. & NRIs)

11. Shri Akhil Arora
    Director IT

12. Arijit Banerjee
    Dy. Secretary (A) to CM

नैनवां उप जिलाधीश द्वारा पत्रावलियों के तलाश हेतु जारी वारंट

18. श्री अशोक बैरवा "खण्डार" (खण्डार) : क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि उप जिलाधीश (उप जिला मजिस्ट्रेट) नैनवां (बून्दी) द्वारा वर्ष 2000 से अब तक की अवधि में धारा 97 दण्ड प्रकिया संहिता के तहत सरकारी पत्रावलियों एवं अन्य कागजात को तलाश करने के तलाशी वारन्ट जारी किये गये हैं? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई तथा अब कितने कागजात एवं पत्रावलियां तलाश की जानी शेष रही हैं? वारन्ट की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त अवधि में पत्रावली तथा कागजात तलाशी के लिए अन्य कार्यवाही एवं पत्राचार किया गया है? यदि हां, तो विवरण सहित प्रतियां सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या उक्त सम्बन्ध में पुन: कार्यवाही अमल में लाई जायेगी? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

उत्तर

(1) जी नहीं। उप जिला मजिस्ट्रेट, नैनवां द्वारा वर्ष 2000 से अब तक की अवधि में धारा 97 दण्ड प्रकिया संहिता के तहत कोई तलाशी वारन्ट जारी नहीं किया गया।

(2) उक्त अवधि में उपखण्ड अधिकारी, नैनवां द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 94 के अन्तर्गत आबंटन पत्रावली एवं कूटरचित दस्तावेजों के लिए तलाशी वारन्ट दिनांक 17.3.2001 को जारी किया था, जिसकी पालना में उप पुलिस अधीक्षक द्वारा तलाशी ली गई। बाद तलाशी फर्द तलाशी, कुछ भी नहीं मिलने की प्रस्तुत की गई। तलाशी वारन्ट एवं उप पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट की प्रतियां संलग्न है।

(3) बिन्दु संख्या 2 में प्रस्तुत विवरण के परिप्रेक्ष्य में फिलहाल कार्यवाही शेष नहीं है।

प्रारूप संख्या

संदिग्ध निर्देश स्थान की तलाशी के लिए वारण्ट

(धारा 94 देखिए)

प्रेषिति-श्री राजेश कविता वृताधिकारी, नैनवां

उपखण्ड अधिकारी

मेरे समक्ष यह इतिला दी गई है और उस पर की गई सम्युक जांच के पश्चात् मुझे यह विश्वास हो गया है कि निवास, श्री बजरंग लाल शर्मा, नैनवां का चुराई हुई सम्पत्ति के निक्षेप आबंटन पत्रावलियों एवं कूटरचित दस्तावेजों के लिए स्थान के रूप में उपयोग किया जाता है।

इसलिए आपको प्राधिकृत किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त गृह निवास स्थान, नैनवां में ऐसी सहायता के साथ प्रवेश करें जैसी अपेक्षित हो, और यदि आवश्यक है तो उस प्रयोजन के लिए उचित बल का प्रयोग करें और उक्त गृह.............. के प्रत्येक भाग............की तलाशी ले और किसी सम्पत्ति आबंटन पत्रावलियों को और किन्हीं उपकरणों और सामग्रियों को भी जिनके बारे में आपको उचित रूप से विश्वास हो सके कि ये.............कूटरवित दस्तावेज या कुटकृत सामग्री रखी गई है, अनुहीत करें और अपने सूची में ले और उक्त पदों में से अपने कब्जे में ली गई बातों को तत्काल न्यायालय के समक्ष लाए और इस वारण्ट के अधीन जो कुछ अपने किसी उसे पृष्ठों द्वारा प्रमाणित करते हुए इसे इसका निष्पादन हो जाने तक अविलम्ब लौटा दे।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट

नैनवां (बून्दी)

कार्यालय नैनवां

दिनांक 17.3.2001

भूल ही जाए रवाना तलाशी मय फर्द रवाना तलाश।

संलग्नशुदा के वापस पेश है।

फर्द खाना तलाशी आज मकान श्री बजरंग लाल S/o श्री नत्थू लालजी जाति ब्राह्मण उम्र 54 साल नि. वार्ड नं. 13 नैनवां बसिल जिले तामील वारन्ट तलाशी आपदा S.D.M. साहल नैनवां कुआ 487/न्याय/2001 दिनांक 17.3.2001

दिनांक 17.3.2001

समय 11 AM

अबद्ध गवाहान

(1) श्री रहीस अली S/o गनी मोहम्मद मुसलमान नि. वार्ड नं. 13 नैनवां उम्र 30 साल

(2) श्री आजाद मोहम्मद S/o मकबूल मोहम्मदजी मुसलमान उम्र 34 साल R/o नैनवां

उपरोक्त गवाहान के समक्ष मन राजेश कुमार कांवत Dxsp नैनवां ने श्रीमान् SDM साहब नैनवां से प्राप्त शुदा वारन्ट खाना तलाशी की तामील में मकान श्री बजरंग लाल S/o श्री नाथू लालजी जाति शर्मा R/o वार्ड नं. 13 नैनवां के मकान की रवाना तलाशी नियमानुसार स्वयं की जमा तलाशी गवाहान से लिखाकर ली गई तथा बाद खाना तलाशी के वापस स्वयं की जाया तलाशी गवाहान न श्री बजरंग लाल को दी गई। एवं गवाहान दोनों की जमा तलाशी भी खाना तलाशी से पूर्व व बाद में मेरे द्वारा ली गई। तो अजयराम श्री बजरंग लाल की खाना तलाशी में कोई कूटरचित दस्तावेज आबंटन पत्रावलियां या अन्य कोई वस्तु के अवैध कब्जे में हो दस्तयाल नहीं हुई। उक्त खाना तलाशी के दौरान श्री बजरंग लाल S/o नाथूलाल शर्मा स्वयं मौजूद रहा।

नोट :-फर्द खाना तलाशी हुकम आपदा मुर्तिन कर रकबा आपदा हाजरीन को पढ़कर सुनाई सही भान हस्ताक्षर किये। फर्द की प्रति श्री बजरंगलाल को दी गई।

बजरंग लाल शर्मा

17.3.2001

महाजन फील्ड फायरिंग रेन्ज बीकानेर के विस्तार हेतु भू-अवाप्ति प्रकरण

19. श्री वीरेन्द्र बेनीवाल (लूणकरणसर) : क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि सैन्य आवश्यकताओं को देखते हुए जिला बीकानेर में रक्षा विभाग द्वारा महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के क्षेत्र में विस्तार के नाम पर और भूमि चाही गई है? यदि हां, तो किस-किस स्थान पर कब-कब व कितनी? ग्रामवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के विस्तार के नाम पर अवाप्त किए जाने वाले गांवों के होने वाले विस्थापितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि एवं उन्हें पुनर्स्थापित करने हेतु कोई नीति राज्य सरकार द्वारा तय की गई है? यदि हां, तो क्या?

(3) क्या यह सही है कि महाजन फील्ड फायरिंग रेन्ज के विस्तार के अलावा जिला बीकानेर में रक्षा विभाग द्वारा भूमि चाही गई है? यदि हां, तो कहां पर व कितनी?

उत्तर

(1) सेना की फील्ड फायरिंग रेंज के विस्तार की मंशा है परन्तु भूमि को चिन्हित कर प्रस्ताव सेना से राज्य सरकार को अभी प्राप्त नहीं हुए हैं।

(2) अब तक सेना द्वारा फील्ड फायरिंग रेंज के विस्तार हेतु भूमि नहीं ली जाती है, नीति निर्धारण की आवश्यकता नहीं है।

(3) जी हां। विवरण निम्न प्रकार है :- 1. मुख्यालय 180, आर्म्ड बिग्रेड, सेना के संयुक्त शस्त्र प्रशिक्षण के लिए 53 गांव/चकों की 237938.19 हैक्टेयर भूमि अवाप्त/आबंटन हेतु प्रस्तावित की गई है। सूची परिशिष्ट "क" संलग्न है। 2. 27 एम्युनेशन कम्पनी द्वारा 56 एपीओ ने चक 629-750 आर डी सतासर तहसील छतरगढ़ में आयुध डिपो हेतु 407.11 बीघा भूमि अवाप्ति/आबंटन हेतु प्रस्तावित की गई है।

परिशिष्ट "क"

सेना के संयुक्त शस्त्र प्रशिक्षण (सीएटीएफ) के लिए अवाप्त/आबंटन हेतु प्रस्तावित भूमि का तहसील/ग्रामवार विवरण

तहसील बीकानेर

क्र. सं.	नाम ग्राम	रकबा हैक्टेयर में
1.	जालवाली	7537.52
2.	नूर मोहम्मद की ढाणी	1843.95
3.	नूरसर	2996.07
4.	शरह बोरला (गैर आबाद)	2363.30
5.	कयमलसर	12348.11
6.	कालासर	9314.09
7.	सवाईसर	4493.23
8.	हेहर जोगरान	116.75
9.	लाखूसर	6195.43
10.	कावनी	11091.22
11.	बदरासर	579.06
12.	मेहरासर	5312.55
13.	भरूपावा	647.94
14.	भरूखीरा	1295.87
15.	शरह भाउव्यास (गैर आबाद)	101.26
	योग	**66336.35**

तहसील पूगल

क्र. सं.	नाम ग्राम	रकबा हैक्टेयर में
1.	भणावतावाला	3880.76
2.	करणीसर भाटियान	9803.57
3.	बरजू	4513.44
4.	बराला	3277.06
5.	दीनसर	2700.87
6.	भानीपुरा	17466.76
7.	रामसर छोटा	6156.12
8.	बान्दरेवाला	5567.67
	योग	**53366.25**

तहसील छत्तरगढ़

क्र. सं.	नाम ग्राम	रकबा हैक्टेयर में
1	2	3
1.	गोरीसर	3209.00
2.	सावोलाई	5540.00
3.	राजासर भाटियान	13638.00
4.	कुण्डा	4614.00
5.	नापासरिया	2682.00
6.	अम्बारण	1191.00
7.	छत्तरगढ़ बारानी	10065.00
8.	मोतीगढ़	9561.00
9.	सतासर	8584.00
10.	केला	14378.00
11.	सरदारपुरा	8899.00
12.	चक 5 एसटीएम	341.00
13.	चक 2 एसटीएम	415.26
14.	सतासर बारानी	1159.11
15.	छत्तरगढ़ बारानी	456.54
16.	चक 3 डीओएल	613.16
17.	चक 2 एडब्ल्यूएम	126.46
18.	चक 1 एडब्ल्यूएम	259.24
	योग	85932.33

तहसील लूणकरणसर

क्र. सं.	नाम ग्राम	रकबा हैक्टेयर में
1.	डेलाना बड़ा	4343.31
2.	बीरमाना	1541.87
3.	खोखराना	4043.87
4.	खिलेरिया	2655.12
5.	शोभोलाई	1940.27
6.	अलोदा	1420.63
7.	लखावर	3072.82

तहसील लूणकरणसर

क्र. सं.	नाम ग्राम	रकबा हैक्टेयर में
8.	अजीतगाना	1616.82
9.	करनाली	1646.56
10.	मूसलकी	1222.08
11.	बींझरवाली	5517.76
12.	मकड़ासर	3282.95
	योग	**32303.26**

तहसीलवार कुल योग

तहसील बीकानेर तहसील बीकानेर	66336.35
तहसील पूगल तहसील पूगल	53366.25
तहसील छत्तरगढ़ तहसील छत्तरगढ़	85932.33
तहसील लूणकरणसर तहसील लूणकरणसर	32303.26
कुल योग	**237938.19**

मोहनपुरा ग्राम तहसील बस्सी की चरागाह भूमि के कब्जों का नियमितीकरण

20. श्री समर्थ लाल (राजगढ़) : क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :-

(1) क्या यह सही है कि हल्का पटवार सर्किल ग्राम मोहनपुरा तहसील बस्सी जिला जयपुर में चरागाह भूमि स्थित है? यदि हां, तो इस पटवार सर्किल में स्थित चारागाह भूमि के ग्रामवार खसरा नम्बर एवं भूमि के रकबाओं की सूची मय नक्शे के सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त पटवार सर्किल के ग्रामों में स्थित चरागाहों की भूमि पर चरागाह के समीप स्थित काश्त की भूमि के काश्तकारों ने अनाधिकृत कब्जे कर रखे हैं? यदि हां, तो किन-किन ने कितनी-कितनी भूमि पर कब्जा कर रखा है? सूची सदन की मेज पर रखें।

(श्री समर्थ लाल)

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त पटवार सर्किल में चरागाहों पर अनधिकृत कब्जाधारियों को धारा 91 के नोटिस जारी किये गये हैं? यदि हां, तो किन-किन को तथा कितनी-कितनी भूमि के? सूची सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह भी सही है कि पूर्व में ऐसे कब्जाधारियों को चरागाह भूमि का उनके हक में नियमितीकरण किया गया है? यदि हां, तो किस अवधि तक के कब्जाधारियों का? सूची सदन की मेज पर रखें।

(5) क्या यह भी सही है कि राज्य सरकार कालान्तर तक अर्थात् अधिक समय तक के ऐसे कब्जाधारियों को भविष्य में भी चरागाहों का नियमितीकरण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो क्यों?

(6) क्या यह भी सही है कि ऐसे प्रक्रिया का निर्णय होता रहने पर चरागाह भूमि नहीं रहेगी? यदि हां, तो क्या ऐसे निर्णयों पर सरकार चरागाहों को कायम रखने की दृष्टि से रोक लगाने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों?

(7) क्या यह भी सही है कि धारा 91 के मामले में नोटिस हल्का पटवारी की रिपोर्ट पर जारी किये जाते रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार चरागाहों की भूमि को यथावत् रखने की दृष्टि से धारा 91 के नोटिस जारी न करके ऐसे अनधिकृत कब्जों को मुक्त कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो ऐसे कब्जों को कब तक मुक्त करवा लिया जावेगा?

उत्तर

(1) जी हां। हल्का पटवार सर्किल मोहनपुरा तहसील बस्सी जिला जयपुर में स्थित चरागाह भूमियों की ग्रामवार, खसरा नम्बर एवं रकबा की सूची मय नक्शा परिशिष्ट "क" संलग्न है।

(2) जी हां। चरागाह भूमि पर समीप स्थित काश्त की भूमि के काश्तकारों द्वारा किये गये अनाधिकृत कब्जों की सूची अतिक्रमी मय रकबा संलग्न परिशिष्ट "ख" है।

(3) जी हां। परिशिष्ट "ख" में वर्णित ग्राम (मोहनपुरा के अतिरिक्त) चारागाह पर अनधिकृत कब्जाधारियों को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के नोटिस तहसीलदार द्वारा जारी किये गये हैं। ग्राम मोहनपुरा जयपुर विकास प्राधिकरण में होने से तहसील द्वारा अतिक्रमियों की सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण को भिजवा दी गई है।

(राजस्व मंत्री)

(4) उक्त ग्रामों में पूर्व में नियमितिकरण नहीं किया गया है।

